


दैनिक
सीहोर जिले का प्रथम दैनिक
K ✌ K
RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-280 | सीहोर, मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना

## कामचलाऊ मुख्यमंत्री कहने पर बुरा लगा, उपराज्यपाल ने फिर की दिल्ली सीएम की तारीफ

### निशाना कहीं और, जानें आतशिी का जवाब

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एक बार फिर मुख्यमंत्री आतिशी की तारीफ की है, लेकिन इस पत्र में उनकी निगाहें कहीं और निशाना कहीं और है। सीएम को लिखे पत्र में एलजी ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आपको (आतिशी) को सार्वजनिक रूप से एक अस्थायी-काम चलाऊ मुख्यमंत्री कहना, मुझे बहुत आपत्तिजनक लगा और मैं इससे आहत भी हुआ। यह न सिर्फ आपका अपमान था, बल्कि मेरा भी अपमान था। एलजी ने दिल्ली सरकार के नाम पर हो रही घोषणाओं का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा. दिल्ली की समस्याओं के बारे में बताते हुए एलजी ने यह खत सीएम आतिशी को लिखा है। अरविंद केजरीवाल पर हुए एलजी ने लिखा, अस्थायी अथवा काम चलाऊ मुख्यमंत्री की जो सार्वजनिक व्याख्या केजरीवाल ने की, उसका कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है और यह बाबा साहब आंबेडकर द्वारा बनाए संविधान के मूल्यों की अवहेलना भी है. हाल की योजनाओं का जिक्र करते हुए



एलजी ने लिखा- जिस तरह केजरीवाल द्वारा आपकी उपस्थिति में गलत तरीके से सीनियर सिटीजन एवं सीएम के नाम पर ही महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की हवाई घोषणाएं की जा रही हैं, इससे सीएम पद की गरिमा धूमिल हुई है. दिल्ली के ही दो विभागों ने पब्लिक नोटिस निकालकर लोगों को सावधान किया है। यह घटना अभूतपूर्व है और आपके लिए भी असहज करने वाला रहा होगा।

**आपको जेल भेजने की बात नहीं हो रही**

एलजी ने लगे हाथ ये भी कह डाला कि पूर्व मुख्यमंत्री आपको जेल भिजवाने की बात तक कह चुके हैं. लेकिन यह पूरी तरह गलत है. आपके खिलाफ किसी भी तरह की जांच नहीं की जा रही है और न ही ऐसा करने के बारे में कभी कोई बात हुई है. खुद परिवहन विभाग के अतिरक्त मुख्य सचवि ने भी इस बारे में आपको बताया है।

**दिल्ली में दिक्कतों के लिए आप जिम्मेदार**

दिल्लीकी समस्याएं गिनाते हुए एलजी ने कहा, पिछले दस सालों में यमुना की बदतर हालत हो या पीने के पानी की कमी, कचरे के पहाड़ों का मुद्दा या औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, अब तक समस्याएं दूर नहीं हो पाई हैं. आपको अस्थाई और काम चलाऊ घोषित किया जा चुका है, ऐसे में तीन चार महीने में आपके लिए इन समस्याओं को दूर करना असंभव है. फ्रि भी इन विफलताओं की जिम्मेदारी आपकी ही मानी जाएगी।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महू के विजय शूटिंग रेंज में हथियार पर हाथ आजमाया।

## इसरो ने पीएसएलवी रॉकेट के जरिए अपने 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट' को लॉन्च किया

श्रीहरिकोटा (ए)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पीएसएलवी रॉकेट के जरिए किए जाने वाले 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट' को लॉन्च कर दिया गया है। इसरो के वैज्ञानिकों ने प्रक्षेपण के बाद खुशी जताई



और इसे भारत के लिए एक और अहम उपलब्धि माना। स्पाडेक्स कक्षीय डॉकिंग में भारत की क्षमता स्थापित करने का एक महत्वाकांक्षी मिशन है, जो भविष्य में मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन और उपग्रह सेवा मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है। अंतरिक्ष में 'डॉकिंग के लिए यह एक किफायती प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है, जिससे भारत, चीन, रूस और अमेरिका जैसी विशिष्ट सूची में शामिल हो जाएगा। स्पैडेक्स मिशन में 'स्पेसक्राफ्ट ए में हाई रेजोल्यूशन कैमरा है, जबकि 'स्पेसक्राफ्ट बी में मिनिएचर मल्टीस्पेक्ट्रल पेलोड और रेडिएशन मॉनिटर पेलोड शामिल हैं।

## दिल्ली के इमामों का केजरीवाल को अल्टीमेटम

**-साजिद रशीदी ने कहा-वेतन नहीं मिला तो धरने पर बैठ जाएंगे**

नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली में पिछले 17 महीनों से इमामों को वेतन नहीं मिलने का मामला गंभीर होता जा रहा है. इस विषय को लेकर दिल्ली वक्फ बोर्ड के अंतर्गत आने वाली मस्जिदों के इमामों ने अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर धरना देने की बात कही है। इमामों का कहना है कि वे पहले भी अरविंद केजरीवाल के घर पहुंचे थे, लेकिन उन्हें मिलने का समय नहीं दिया गया। इमामों ने कहा कि हमें सिर्फ मिलने का समय दे दीजिए. हम चाहते हैं कि हमारी तनख्वाह हमें वक्त पर मिलने लगे. अगर हमारी तनख्वाह नहीं मिलती है, तो हम यहीं पर धरने पर बैठ जाएंगे. इससे पहले इमामों ने गुरुवार और फिर शनिवार को भी अरविंद केजरीवाल मिलने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा था।

## बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर छात्र संगठनों का चक्का जाम, सड़क पर उतरे छात्र




पटना (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी पिछले कई दिनों से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, रविवार को प्रदर्शन के दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच झड़प हुई, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इसके बाद सोमवार को कई छात्र संगठनों ने चक्का जाम की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद सोमवार को छात्र संगठन के लोग सड़कों पर उतरे, जिससे यातायात पर प्रतिकूल असर देखा जा रहा है।अरवल में चक्का जाम समर्थक सोमवार की सुबह सड़क पर उतर गए और सड़क जाम कर दिया। पटना में लाठी चार्ज के खिलाफ लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया। इस बंद में अभ्यर्थियों के अभिभावक भी सड़क पर उतरे।प्रदर्शनकारियों ने जिला मुख्यालय स्थित भगत सिंह चौक पर पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और यातायात को पूरी तरह बाधित कर दिया, जिससे पटना औरंगाबाद एनएच 139 और अरवल -जहानाबाद एनएच 110 पर यातायात ठप हो गया।

### बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठी चार्ज को लेकर राजभवन पहुंचे पप्पू यादव

**-राज्यपाल से की मुलाकात**

पटना, (आरएनएस)। बिहार में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70 वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने और पुर्नपरीक्षा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल और लाठी चार्ज के मामले को लेकर सोमवार को पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव राजभवन पहुंचे और राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात की। राजभवन से निकलने के बाद सांसद पप्पू यादव ने कहा कि राज्यपाल ने उनकी बातों को सुना। उन्होंने बताया, राज्यपाल ने उनके सामने ही बीपीएससी चेयरमैन से बात की और जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को बुलाने की बात कही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बात करने का भी भरोसा दिया है। बच्चों पर हुए लाठीचार्ज की जांच की बात भी की है।

## घने कोहरे की ओट में छिपे कई शहर



नईदिल्ली,(आरएनएस)। पूरा उत्तर भारत इन दिनों भीषण ठंड की चपेट में है। सर्द हवाएं कंपकंपी छुड़ा रही है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। आने वाले दिनों में तापमान में 3-5 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है।भारतीय मौसम विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने आज कई राज्यों में बादल छाए रहने के साथ घना कोहरा छाने की संभावना जताई है।दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश सहित अन्य पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी की चेतावनी जारी की है।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में रविवार को बर्फबारी और बारिश से थोड़ी राहत मिली। कश्मीर घाटी में अभी भी तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है।मौसम ठीक होने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा नवयुग सुरंग पर यातायात बहाल कर दिया गया। साथ ही श्रीनगर में विमान और रेल सेवा शुरू हो गई।उत्तराखंड में सड़कों पर बर्फ की मोटी चादर बिछी होने से 8 मार्ग अवरुद्ध हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में 3 राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हैं।उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे कई शहरों का तापमान 3-4 डिग्री तक गिर सकता है, जिससे शीतलहर की स्थिति बन सकती है।राजस्थान के कई जिलों में आज शीतलहर और कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।पंजाब में रविवार को हल्की बारिश होने से 6 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने बिहार में भीषण शीतलहर की चेतावनी जारी की है।दिल्ली में पिछले 3 दिनों से धूप नहीं निकल रही है, जिससे तापमान में लगातार गिरावट से लोग दिनभर ठिठुरन महसूस कर रहे हैं।रविवार को थोड़ी देर के लिए धूप निकलने के बावजूद लोगों को ज्यादा राहत नहीं मिली।

## इंदौर में चार साल की बच्ची के साथ रेप, दोनों नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने लिया हिरासत में



इंदौर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के इंदौर से चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां परिवार वालों की गैरमौजूदगी में चार साल की एक बच्ची के साथ दो नाबालिगों ने उसके ही घर में ही दुष्कर्म करने की कोशिश की। घटना के बाद जब बच्ची ने रोना नहीं बंद किया तो परिजन उसे लेकर थाने गए। थाने पहुंचने पर बच्ची का मेडिकल कराया गया। मेडिकल के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को 4 घंटे की मशक्कत के बाद हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए युवकों में एक की उम्र 17 साल व दूसरे की उम्र 10 साल है।बताया जा रहा है कि बताया जा रहा है कि बच्ची के घर वाले जब घर में नहीं थे, तो दो पड़ोस के दो नाबालिगों ने बच्ची के साथ बलात्कार करने की कोशिश की। बच्ची को चोटें भी आईं।घटना की जानकारी देते हुए डीएसपी ऋषिकेश मीणा ने मीडियाकर्मियों को बताया, शनिवार दोपहर द्वारकापुरी थाने के अंतर्गत एक बहुत ही गंभीर घटना हमारे संज्ञान में आई। द्वारकापुरी में रहने वाले दंपति की चार साल की एक बेटी और पांच साल का एक बेटा है। घटना के दिन पति-पत्नी दोनों ही काम पर बाहर गए हुए थे। बच्चे घर पर अकेले थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिग लड़कों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। इससे उसे चोट भी आई और वह रोने लगी। जब उसका रोना बंद नहीं हुआ, तो आरोपियों के माता-पिता और एक अन्य पड़ोसी ने बच्ची के माता-पिता को फोन करके बताया कि वह लगातार रो रही है। शाम को जब बच्ची के परिजन काम से वापस आए, तो उसे हमारे पास थाने लेकर आए। हमने तुरंत उसकी मेडिकल जांच कराई और उसके इलाज की भी व्यवस्था की।उन्होंने कहा, मामले की जांच से पता चला कि पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिग लड़कों द्वारा उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की गई।

## सरकार की जन हितैषी योजनाओं का मिले सबको लाभ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर एवं चंबल संभाग की बैठक लेकर दिए निर्देश**

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी विधायक अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करें। जनता के काम समय पर हों, हम सबको इसकी चिंता करनी होगी। इसलिए सभी विधायक अपनी विधानसभा का अगले 5 साल का मास्?टर प्लान बनाएं, जिससे क्षेत्र का योजनाबद्ध विकास हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में ग्वालियर एवं चंबल संभाग की समीक्षा बैठक में वर्चुअली जुड़े स्थानीय जन-प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।बैठक में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, क्षेत्रीय विधायिका सुश्री सरला रावत, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, ग्वालियर संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णवाल, चंबल संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव सहित अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ल, प्रमुख सचिव श्री दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव श्री विवेक पोरवाल सहित अधिकारी मौजूद थे।




## विदेश मंत्री जयशंकर आज से 3 दिवसीय यात्रा पर कतर जाएंगे

नई दिल्ली, (आरएनएस)। विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार से कतर की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे. जहां वह समग्र द्विपक्षीय संबंधों, विशेषकर व्यापार, निवेश, ऊर्जा और सुरक्षा के क्षेत्रों की समीक्षा करेंगे. इससे पहले सितंबर में उन्होंने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात की थी। विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि जयशंकर कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करेंगे. इसमें कहा गया, विदेश मंत्री एस. जयशंकर 30 दिसंबर से एक जनवरी तक कतर की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे.विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा से दोनों पक्षों को राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा.बता दें कि इस साल सितंबर में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी के साथ बैठक की थी. इस दौरान उनके साथ अहम मुद्दों पर चर्चा की।

## जीतू पटवारी ने पूर्व आरटीओ आरक्षक के लिए की सुरक्षा की मांग

**बोले- राजदार करवा सकते हैं सौरभ शर्मा की हत्या**

भोपाल (ए)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की हत्या हो सकती है। क्योंकि वह जब भी सामने आएगा, कई लोगों के चेहरे बेनकाब होंगे। इसलिए सरकार को चाहिए कि उसकी गिरफ्तारी कर उसे सुरक्षा दे और भ्रष्टाचार का सच सामने लाए। सोमवार को भोपाल में पटवारी ने कहा कि बीजेपी के राज में भ्रष्टाचारी चेहरा कैसा होता है, यह दिखने लगा है। जनता को साफ हो गया है कि यह करप्शन, क्राइम, कर्ज और कमीशन की सरकार है। उन्होंने कहा कि सौरभ शर्मा की हत्या हो सकती है, यह बात मैं पहले भी कह चुका हूं, जब सौरभ के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ था। अब फिर इस आशंका को दोहरा रहा हूं।



जीतू पटवारी ने कहा कि यह लूट के पैसे की लड़ाई है। जिन लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई, वे सभी लूटपाट कर रहे हैं और एक से डेढ़ करोड़ तक की अवैध कमाई कर रहे हैं। जीतू पटवारी ने उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन के लिए वसूले जा रहे पैसों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी के शासन में भगवान के दर्शन के लिए भी पैसे वसूले जा रहे हैं। ये ऐसे भोलेनाथ के भक्त हैं। यह भाजपा की सरकार है। यह आरएसएस से जुड़े लोगों का नैतिक दायित्व है, जो ऐसा करा रहे हैं।

**बीजेपी पर घोटाले और भ्रष्टाचार का आरोप**

बीजेपी पर घोटाले और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पटवारी ने कहा कि कांग्रेस लगातार इनके खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस ने सच्चे विपक्ष की भूमिका निभाई है। एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दलितों पर अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं। संविधान की रक्षा के लिए महू में एक बड़ा किया जा रहा है। इसमें राहुल गांधी और कमलनाथ समेत पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।





# पांच गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने प्रदेश की संस्कृति और कला को दिलाई वैश्विक पहचान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मध्यप्रदेश की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का रचा जा रहा नया इतिहास

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सांस्कृतिक अभ्युदय के नए युग में प्रवेश कर रहा है। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के द्वारा स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का नया इतिहास रचा जा रहा है। सांस्कृतिक संवहन के क्रम में प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह का स्वर्ण जयंती वर्ष और तानसेन समारोह का शताब्दी वर्ष का गौरवशाली आयोजन किया गया। हमारे देश में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परम्परा के गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखने की परम्परा निरंतर विद्यमान रही है। सांस्कृतिक आयोजनों और धरोहरों को आज की पीढ़ी से जोड़ते हुए ताल दरबार, कथक कुंभ, उज्जैन डमरू वादन, गीता पाठ और शास्त्रीय बैंड में बने पांच गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने प्रदेश की संस्कृति और कला को वैश्विक पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि संगीत सम्राट तानसेन की नगरी ग्वालियर में तानसेन समारोह के अवसर पर भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम की धुन पर ग्वालियर किले की प्राचीर पर ताल दरबार में 1282 तबला साधकों ने मध्यप्रदेश के शास्त्रीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाई है। यूनेस्को द्वारा चयनित संगीत नगरी में राष्ट्रीयता का उद्घोष करते हुए कला साधकों ने प्रदेश के इतिहास, संस्कृति और संगीत की त्रिमूर्ति को 25



**ताल दरबार, कत्थक कुंभ, उज्जैन डमरू वादन, गीता पाठ और शास्त्रीय बैंड के बने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड**

दिसंबर 2023 को पहली बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहों के कंदरिया महादेव मंदिर के विशाल प्रांगण में अन्तर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह के दौरान राग बसंत की लय पर 20 फरवरी 2024 को 1484 कथक नृत्य साधकों के थिरकते कदमों ने दूसरा गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड रच दिया। कथक कुंभ में हाथों में दीपक लेकर जब लय और ताल के साथ घुंघरू साधकों के कदम मिले तब भारतीय संस्कृति और परंपरा एक साथ मुस्कुरा उठीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि पवित्र श्रावण मास में उज्जैन में भगवान श्रीमहाकालेश्वर श्री चंद्रमौलेश्वर के रूप में पालकी में, हाथी पर श्री मनमहेश के रूप में और गरूड़ रथ पर श्री शिव-तांडव स्वरूप में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकले। उनका स्वागत करते हुए 5 अगस्त 2024 को महाकाल लोक के शक्तिपथ पर 1500 से अधिक डमरू वादकों ने एक साथ एक समय-समय में लयबद्ध डमरू वादन कर तीसरा विश्व कीर्तिमान रचा। यह सिर्फ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड नहीं था बल्कि बाबा महाकाल की नगरी से देश के आध्यात्मिक पुनरुत्थान का शंखनाद था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म से लेकर मृत्यु तक अपनी लीलाओं और आदर्शों के माध्यम से समूचे समाज को प्रेरणा दी है। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और पवित्र धर्मग्रंथ गीता की कर्म पथ, भक्ति मार्ग और शांति का संदेश से जन जन को आलोकित करते हुए 1721 आचार्य और बटुकों ने इतिहास रच दिया। 11 दिसंबर 2024 को गीता जयंती के अवसर पर श्रीमद्भगवद गीता के तीसरे ध्याय कर्मयोग का सस्वर पाठ कर चौथा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का पावन कार्य किया गया।

# प्रदेश में स्मार्ट सिटी योजना में 7 शहरों में 1253.65 करोड़ रूपये के कार्य

भोपाल (निप्र)। स्मार्ट सिटी योजना के माध्यम से शहरों का समुचित विकास, आर्थिक सुधार और नागरिकों की जीवनशैली में सुधार के कार्य प्रमुख रूप से किये जा रहे हैं। योजना में पिछले एक वर्ष में सातों स्मार्ट सिटी शहरों में 1253 करोड़ 65 लाख रूपये की 81 कार्य पूरे किये जा चुके हैं। वर्तमान में 828 करोड़ के 43 कार्य प्रगति में है। प्रदेश के 7 शहरों में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर और सतना शहर शामिल है। स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा द सिटी इन्वेस्टमेंटस् टू इनोवेट इंटीग्रेट एण्ड सस्टेन (सीआईटीआईआईएस 2.0) प्रोग्राम के कम्पोनेन्ट-1 अंतर्गत राज्य के 2 स्मार्ट सिटी शहर उज्जैन एवं जबलपुर का चयन किया गया है। योजना के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कार्यों के लिये चयनित प्रत्येक शहर को 135 करोड़ रूपये के



मान से अनुदान राशि प्राप्त होगी। चैंलेज कंपोनेंट-2 के अंतर्गत नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर केन्द्र सरकार को स्वीकृति के लिये भेजा है केन्द्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नर्चरिंग नेबरहुड 1.0 के अंतर्गत किये गये कार्यों के लिये जबलपुर और इंदौर स्मार्ट सिटी को सम्मानित किया जा चुका है। जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वारा आंगनवाड़ी, पार्कों का विकास कार्य और सिविल अस्पतालों में बच्चों के लिये वैक्सीनेशन सेंटर का निर्माण प्रमुख रूप से किया गया है।

## प्रचलित पाठ्य-पुस्तकों के पुनरीक्षण के संबंध में हुआ विचार-विमर्श

भोपाल (निप्र)। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में पुर्नगठित मध्यप्रदेश पाठ्य-पुस्तक स्थायी समिति की प्रथम बैठक सोमवार 30 दिसम्बर को भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित राज्य शिक्षा केन्द्र में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के नव-नियुक्त अध्यक्ष डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने की। नवगठित समिति की प्रथम बैठक में पाठ्य-पुस्तकों में सम्मिलित करने के लिये विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। एनसीईआरटी स्वीकृत कक्षा-10वीं और 11वीं की अंग्रेजी पाठ्य-पुस्तक के विभिन्न पाठों और अंशों पर विचार किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश से जुड़ी सामग्री भी पुस्तकों में शामिल करने की दृष्टि से कक्षा 1, 2, 3 और कक्षा-6 की प्रचलित पुस्तकों के पुनरीक्षण और सामग्री तैयार करने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।

# अब तक 5 लाख 86 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने कराई ई-केवायसी

भोपाल (निप्र)। राज्य शासन की लाभकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय ऐप के जरिए भी ईकेवायसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय ऐप डाउनलोड कर बिजली उपभोक्ता





समग्र केवायसी में अपना उपभोक्ता क्रमांक एवं समग्र क्रमांक दर्ज करने के बाद लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज कर केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। केवायसी प्रक्रिया के तहत अब तक 5 लाख 86 हजार 097 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है। कंपनी ने बताया है कि केवायसी प्रक्रिया के तहत नर्मदापुरम ग्रामीण में 70 हजार 628, बैतूल ग्रामीण में 83 हजार 457, राजगढ़ ग्रामीण में 38 हजार 378, शहर वृत्त भोपाल में 46 हजार 223, भोपाल ग्रामीण में 36 हजार 676, गुना ग्रामीण में 31 हजार 623, विदिशा ग्रामीण में 41 हजार 482, सीहोर ग्रामीण में 22 हजार 953, ग्वालियर ग्रामीण में 20 हजार 841, शहर वृत्त ग्वालियर में 35 हजार 255, अशोकनगर ग्रामीण में 17 हजार 249, दतिया ग्रामीण में 21 हजार 306, रायसेन ग्रामीण में 42 हजार 687, शिवपुरी ग्रामीण में 22 हजार 218, हरदा ग्रामीण में 17 हजार 988, श्योपुर ग्रामीण में 08 हजार 930, मुरैना ग्रामीण में 19 हजार 273 एवं भिण्ड ग्रामीण में 08 हजार 930 बिजली उपभोक्ताओं की केवायसी की गई है। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं के बिजली संबंधी व्यक्तिगत विवरण को कंपनी के रिकार्ड में अपडेट करने के लिए नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया शुरू की है। कंपनी द्वारा नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया के तहत बिजली उपभोक्ताओं की व्यक्तिगत जानकारी जैसे समग्र आईडी, मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता इत्यादि की जानकारी को अपडेट किया जा रहा है। नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया से बिजली उपभोक्ताओं को जहां राज्य शासन की योजनाओं का लाभ सीधे लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सकेगा वहीं दूसरी ओर प्रणाली में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

# शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय में विभिन्न कार्यों के निर्माण का अनुमोदन

## छात्राओं के लिए 150 बिस्तरीय अतिरिक्त छात्रावास भवन निर्माण की स्वीकृति

भोपाल (ए)। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में शासकीय होम्योपैथिक



चिकित्सा महाविद्यालय की सामान्य परिषद की बैठक हुई। आयुष मंत्री श्री परमार ने महाविद्यालयीन गतिविधियों की समीक्षा की एवं विद्यार्थियों के हितों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री परमार ने महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के समग्र विकास, बेहतर अध्ययन-अध्यापन, शैक्षणिक एवं अकादमिक गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक क्रियान्वयन कर, संस्थान की उत्तरोत्तर उत्कृष्टता के लिए कार्य करने के दिशा निर्देश दिए। मंत्री श्री परमार ने महाविद्यालय में फार्मेसी, अतिरिक्त महिला छात्रावास भवन का निर्माण एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक चर्चा की। श्री परमार ने महाविद्यालय में पदस्थ व्याख्याताओं एवं अधिकारियों के समयमान-वेतनमान संबंधी प्रक्रिया एवं इसके उपरांत उच्च पद प्रभार प्रक्रिया का भी नियत समयावधि पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महाविद्यालय में नव चयनित व्याख्याताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। मंत्री श्री परमार ने महाविद्यालय में औषधी निर्माण शाला (फार्मेसी) शीघ्र प्रारंभ करने के लिए व्यापक कार्य योजना के साथ, आवश्यक यंत्र, उपकरण एवं मशीनरी आदि की उपलब्धता नियमानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## विविध-समाचार

### विज्ञान मेले में नगरीय विकास एवं आवास विभाग प्रथम स्थान पर

भोपाल (निप्र)। भोपाल के जम्बूरी मैदान में विज्ञान भारती द्वारा आयोजित विज्ञान मेले के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शनों को पुरस्कृत किया गया। महाप्रदर्शन श्रेणी में नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल को प्रथम पुरस्कार दिया गया।विज्ञान मेले में 52 विभागों और संस्थाओं ने महाप्रदर्शन श्रेणी में स्टॉल लगाए थे। कार्यक्रम में विज्ञान भारती के संगठन मंत्री शिव कुमार शर्मा, परमाणु ऊर्जा विभाग के परमाणु नियंत्रण और योजना विंग प्रमुख डॉ. अरूण कुमार नायक और मध्यप्रदेश विज्ञान प्रोद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने पुरस्कार वितरित किए। उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त भरत यादव के मार्गदर्शन में विज्ञान मेले में विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया था। इस उपलब्धि पर नगरीय विकास आयुक्त श्री यादव ने विज्ञान मेले में तैनात विभाग की टीम को बधाई दी है। राजधानी भोपाल के जम्बूरी मैदान में 27 दिसम्बर से प्रारंभ हुए विज्ञान मेले में नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर हजारों की संख्या में संख्या में दर्शक ने आकर विभाग से संबंधी योजनाओं, उपलब्धियों और तकनीकों की जानकारी ली। स्टॉल पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, अमृत योजना, नमामि गंगे मिशन, स्मार्ट सिटी योजना, मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड और स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित जानकारी दी गई।

### बिजली लाइनों के पास न उड़ाए पतंग : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

भोपाल (निप्र)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार के मद्देनजर पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है।पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्यौहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। विद्युत वितरण कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

### साल के अंतिम दिन रैन बसेरों के रहवासियों और साल के पहले दिन श्रमिकों के कल्याणार्थ शिविर

भोपाल (निप्र)। नवाचारों में अग्रणी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा नया साल मनाने की अनूठी पहल की गई है। साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर 2024 को रैन बसेरों और साल के पहले दिन 01 जनवरी 2025 को श्रमिकों पीठों पर नए साल के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन किए जाएंगे। इस दौरान रैन बसेरों के रहवासियों और श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। नए साल की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को रैन बसेरा शाहजहांनी पार्क और रैन बसेरा हमीदिया अस्पताल के पास शिविर लगाया जाएगा।

## होशंगाबाद रोड पर बी.आर.टी.एस. सर्विस लेन से दानिश नगर को जाने वाला मार्ग आगामी 14 जनवरी तक बंद रहेगा

भोपाल (आरएनएस)।नगर निगम, भोपाल द्वारा होशंगाबाद रोड स्थित बी.आर.टी.एस सर्विस लेन से दानिश नगर मुख्य मार्ग की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त निर्माण के कारण बी.आर.टी.एस सर्विस लेन से दानिश नगर मार्ग आवागमन के लिए आगामी 14 जनवरी 2025 तक बंद रहेगा। निगम प्रशासन ने सड़क निर्माण कार्य से प्रभावित क्षेत्र के रहवासियों से अपील की है कि वह उक्त अवधि में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग आवागमन हेतु करें और निगम को सहयोग दें।नगर निगम के यांत्रिक विभाग द्वारा जोन क्र. 13 के अंतर्गत वार्ड क्र. 53 में होशंगाबाद रोड स्थित बी.आर.टी.एस सर्विस लेन से दानिश नगर मेन रोड पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है और आगामी 14 जनवरी 2025 तक इसके पूर्ण होने की संभावना है। सीमेंट क्रांकीटीकृत मार्ग निर्माण के कारण उक्त अवधि में इस मार्ग पर आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा।निगम प्रशासन ने उपरोक्त सड़क निर्माण कार्य से प्रभावित रहवासी क्षेत्रों के नागरिकों को होने वाली असुविधा पर खेद व्यक्त करते हुए अपील की है कि वह आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्गों आशिमा मॉल, केन्द्रीय विद्यालय के सामने वाला मार्ग तथा प्रधान मंडपम नहर के पास वाले मार्ग का उपयोग करें और जनसुविधा के कार्यों में निगम का सहयोग करें।

# भोपाल मंडल में 01 जनवरी 2025 से नई समय-सारणी के अनुसार ट्रेनों के समय में आंशिक परिवर्तन

भोपाल (निप्र)। रेलवे प्रशासन द्वारा 01 जनवरी, 2025 से ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू की जा रही है। भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर गाड़ियों के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के अनुसार 01 जनवरी 2025 से लागू नई समय-सारणी अनुसार विभिन्न स्टेशनों पर गाड़ियों के आगमन और प्रस्थान समय में आंशिक परिवर्तन एवं मंडल में अधिकांश गाड़ियों की औसत गति बढ़ने से समय की बचत होगी।

**गाड़ियों के नम्बर में परिवर्तन**

01.दिनांक 02.03.2025 से गाड़ी संख्या 82355 पटना-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस का नया नम्बर 22359 हो जाएगा। 02.दिनांक 04.03.2025 से गाड़ी संख्या 82356 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस का नया नम्बर 22360 हो जाएगा। 03.दिनांक 03.03.2025 से गाड़ी संख्या 15547 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का नया नम्बर 22553 हो जाएगा। 04.दिनांक 06.03.2025 से गाड़ी संख्या 15548 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस का नया नम्बर 22554 हो जाएगा। 05.दिनांक 01.03.2025 से गाड़ी संख्या 14623 सिवनी -फिरोजपुर एक्सप्रेस का नया नम्बर 20423 हो जाएगा। 06.दिनांक 01.03.2025 से गाड़ी संख्या 14624 फिरोजपुर-सिवनी का नया नम्बर 20424 हो जाएगा।

**01जनवरी 2025 से प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान होने वाली ट्रेनों का समय परिवर्तन**

01.गाड़ी संख्या 11466 जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 12.30 बजे प्रस्थान करेगी। 02.गाड़ी संख्या 19014 कटनी-भुसावल एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 00.40 बजे प्रस्थान करेगी। 03.गाड़ी संख्या 22146 रीवा-भोपाल एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 22.35 बजे प्रस्थान करेगी। 04.गाड़ी संख्या 06620 कटनी-इटारसी मेमू अपने प्रारंभिक स्टेशन से 13.45 बजे प्रस्थान करेगी। 05.गाड़ी संख्या 01819 बीना-ललितपुर स्पेशल ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन से 15.50 बजे प्रस्थान करेगी। 06.गाड़ी संख्या 06633 कोटा-बीना पैसेंजर स्पेशल मेमू अपने प्रारंभिक स्टेशन से 15.10 बजे प्रस्थान करेगी।

**01 जनवरी 2025 से ट्रेनों का गन्तव्य स्टेशन पर पहुँचने का समय परिवर्तन**

01.गाड़ी संख्या 20173 रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर 23.35बजे पहुँचेगी । 02.गाड़ी संख्या 19013भुसावल-कटनी एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर 05.00 बजे पहुँचेगी । 03.गाड़ी संख्या 22146 रीवा-भोपाल एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर 08.10 बजे पहुँचेगी । 04.गाड़ी संख्या 11603कोटा-बीना एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर 16.55 बजे पहुँचेगी । 05.गाड़ी संख्या 05884 ग्वालियर-बीना एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर 16.25 बजे पहुँचेगी । 06.गाड़ी संख्या 06634 बीना-कोटा पैसेंजर स्पेशल मेमू अपने गंतव्य पर 00.55 बजे पहुँचेगी ।

**01 जनवरी से मध्यवर्ती स्टेशन पर ट्रेनों का समय परिवर्तन**

01.गाड़ी संख्या 13201 पटना-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस इटारसी स्टेशन पर 19.30 बजे आकर 19.40 बजे प्रस्थान करेगी। 02.गाड़ी संख्या 19414 कोलकाता - अहमदाबाद एक्सप्रेस बीना स्टेशन पर16.10 बजे आकर 16.20 बजे प्रस्थान करेगी। 03.गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस बीना स्टेशन पर 16.10 बजे आकर 16.20 बजे प्रस्थान करेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटरिया ने बताया कि इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए 01 जनवरी से प्रभावी समय-सारणी की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

## भोपाल रेलवे स्टेशन पर सतर्कता और बहादुरी से बचाई गई महिला की जिंदगी

भोपाल (निप्र)। भोपाल रेलवे स्टेशन पर आज दोपहर एक गंभीर लेकिन सराहनीय घटना हुई। प्लेटफार्म नंबर 01 पर कैटरिंग इंस्पेक्टर श्रीमती मेघा नागदेवे और रेलवे वेंडर ज्ञान सिंह ने अपनी सतर्कता और साहस से एक महिला की जान बचाई। आज दोपहर 2:40 बजे, जब शताब्दी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12002) प्लेटफार्म नंबर 01 पर प्रवेश कर रही थी, तभी एक 52 वर्षीय महिला ने पारिवारिक तनाव के कारण ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, कैटरिंग इंस्पेक्टर और वेंडर ने तुरंत हरकत में आते हुए महिला को पटरी से खींचकर सुरक्षित किया। घटना के बाद, कैटरिंग इंस्पेक्टर ने महिला को ड्यूटी रूम में ले जाकर मानसिक संबल दिया और रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराया। साथ ही, उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल (जीआरपी) और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। महिला को आगे की जांच और सहायता के लिए जीआरपी के सुपुर्द किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि कर्मचारियों की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से न केवल एक अनमोल जीवन बचाया गया बल्कि एक बड़ी दुर्घटना को भी टाल दिया गया। भोपाल रेल प्रशासन अपनी यात्री सुरक्षा और सेवा के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है।

# वैज्ञानिक रुझान, उत्साह और वैज्ञानिक बनने की दृढ़ इच्छा के साथ हुआ 11 वे विज्ञान मेला का समापन





## भारत को विकसित देश बनाने के लिए परमाणु उर्जा आवश्यक है : डॉ अरुण कुमार नायक

भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। भारत को विकसित देश बनाने के लिए परमाणु उर्जा आवश्यक है क्योंकि आने वाले समय में वह देश ही टिक पाएंगे जिनके पास उर्जा के स्त्रोत होंगे - यह कहना है डॉ अरुण कुमार नायक, परमाणु वैज्ञानिक एवं प्रमुख, परमाणु नियंत्रण और योजना विंग, परमाणु उर्जा विभाग, भारत सरकार का। वह 11 वें भोपाल विज्ञान मेला के समापन सत्र में संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि विश्व में प्रमुख अर्थव्यवस्था 2047 तक बनने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अत्यंत आवश्यक है बिना इसके विकास संभव नहीं हो पाएगा। बढ़ती जनसंख्या के कारण संसाधनों एवं उर्जा की आवश्यकता होगी जिसके लिए रिन्यूएबल एनर्जी अच्छी है लेकिन उनकी अपने सीमाएं है। उन्होंने कहा कि परमाणु उर्जा ही हमारी उर्जा आवश्यकताओं की पूर्ती कर सकती है। उन्होंने बताया कि परमाणु उर्जा सुरक्षित है एवं इसमें विकिरण को लेकर बहुत ही भ्रांतियां है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि देश में निर्मित वस्तुओं का ही उपयोग करें ताकि देश की eइकॉनमी मजबूत होने में मदद मिले। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार नायक ने परमाणु ऊर्जा के महत्व को विस्तार से समझाते हुए बताया कि कैसे यह ऊर्जा भारत को आत्मनिर्भर और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की दिशा में अग्रसर कर सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऊर्जा संसाधनों का उचित उपयोग करके भारत आने वाले 25 वर्षों में विश्व का अग्रणी राष्ट्र बन सकता है। उन्होंने छात्रों को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में शोध और नवाचार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में रेडिएशन रिसर्च, स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों, और भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों पर भी विस्तार से चर्चा की। समापन सत्र में डॉ शिव कुमार शर्मा, अखिल भारतीय संगठन सचिव विज्ञान भारती भी उपस्थित थे उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए और वैज्ञानिक सोच रखने के लिए एक विजन आवश्यक है उन्होने कहा कि छात्रों की वैज्ञानिक जिज्ञासाओं का समाधान शिक्षकों द्वारा आवश्यक है क्योंकि पार्थ जैसा विद्यार्थी और कृष्ण जैसा जैसा गुरु जीवन को वैज्ञानिक सार्थकता और सफलता प्रदान करते हैं उन्होंने बच्चों से उन्होंने छात्रों के लिए सफलता का मंत्र प्रस्तुत करते हुए 'PARTH' शब्द का अर्थ विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि 'P' का मतलब Positive Attitude (सकारात्मक दृष्टिकोण), 'A' का मतलब Aim (लक्ष्य), 'R' का मतलब River-like Continuity (निरंतरता), 'T' का मतलब Time Management (समय प्रबंधन), और 'H' का मतलब Hard Work (कड़ी मेहनत) है। उन्होंने महाभारत के अर्जुन और कृष्ण के संवाद का उदाहरण देते हुए कहा कि छात्रों को अपने गुरु का आदर करना चाहिए और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि हम अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक रखें और अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर मेहनत करते रहें, तो हम समाज की सभी बुराइयों को दूर कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ अनिल कोठारी, महानिदेशक, म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, डॉ धीरेन्द्र स्वामी, सह सचिव विज्ञान भारती, डॉ अमोघ गुप्ता, अध्यक्ष विज्ञान भारती मध्य भारत, संजय कौरव, सचिव विज्ञान भारती मध्य भारत मंचासीन थे। डॉ धीरेन्द्र स्वामी ने पूरे चार दिनों का प्रतिवेदन सभी के समक्ष रखा। कार्यक्रम का संचालन डॉ जीतेन्द्र अग्रवाल एवं डॉ प्रदीप सिंगोर ने किया। विज्ञान मेले में 150 से अधिक वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। इन मॉडलों में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता, नवीन सोच, और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया। IES पब्लिक स्कूल, सागर पब्लिक स्कूल, कार्मेल कॉन्वेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, CM Rise स्कूल, ITI और कॉर्पोरेट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी जैसे संस्थानों ने अपने मॉडल्स के माध्यम से विभिन्न वैज्ञानिक समस्याओं और उनके समाधान को प्रस्तुत किया।

**इन्हें मिले पुरस्कार**

स्कूल और कॉलेजों के मॉडल्स में पहला पुरस्कार जीतने वालों को 5100 रुपए और दूसरा पुरस्कार जीतने वालों को 3100 रुपए की प्राइस मनी भी दी गई। कई विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार मिले। इसके अलावा सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और किताब- 'भारत की उज्जवल परंपरा' भी दी गई। विज्ञान मेले में कॉलेजों की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार कॉर्पोरेट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल के कम्प्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के आदर्श कुमार को मिला है।

# सोमवती अमावस्या पर भगवान जागेश्वरनाथ के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु, व्यवस्थाओं में लगा जिला प्रशासन

दमोह (ए.)। दमोह जिले में सोमवती अमावस्या पर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र बांदकपुर में भगवान जागेश्वरनाथ के दर्शनों के लिए हजारों भक्तों की भीड़ पहुंची। तेरहवें ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध जागेश्वरनाथ मंदिर के पट सुबह चार खुलते ही बाहर श्रद्धालुओं की लाइन लग गई। पूरे प्रदेश से हजारों श्रद्धालु बांदकपुर पहुंचे। जिला प्रशासन के अधिकारी और पुलिस बल सुबह से मंदिर परिसर में तैनात था। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र के एक ही मंदिर परिसर में सभी देवताओं के मंदिर हैं। इस वजह से इस दुर्लभ योग में पुण्यार्जन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु बांदकपुरधाम पहुंचे। यहां भगवान शिव के दर्शन कर अभिषेक पूजन किया गया।



**महिलाओं ने लगाई परिक्रमा**

सोमवती अमावस्या पर महिलाओं के द्वारा 108 बार बरगद के पेड़ की परिक्रमा भी लगाई जाती है। मंदिर परिसर में ही सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण किया। वैसे तो हर महीने में एक अमावस्या और एक पूर्णिमा होती है, लेकिन जो अमावस्या सोमवार को पड़ती है, वह सोमवती अमावस्या कहलाती है। इस दिन को स्नान, दान के लिए शुभ समझा जाता है। चूंकि सोमवार शिवजी का दिन होता है, इसलिए सोमवती अमावस्या भी उन्हीं को समर्पित होती है। इस दिन गंगा नदी में स्नान का विशेष महत्व है, यदि वहां जाना संभव न हो पाए तो सुबह-सुबह किसी नदी या तालाब में स्नान करके भगवान शिव, माता पार्वती और तुलसी की पूजा करें। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक रामकृपाल पाठक ने बताया कि सोमवार को सोमवती अमावस्या पर हजारों श्रद्धालु भगवान जागेश्वरनाथ के दर्शनों के लिए पहुंचे यह क्रम सुबह से शाम तक जारी रहेगा।

## मावठे की बारिश के बाद बढ़ी ठिठुरन, 48 घंटों में 8 डिग्री गिरा पारा, कड़ाके की ठंड की संभावना

मंदसौर (ए.)। साल के आखिरी दिनों में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। तीन दिन पहले गिरे मावठे के बाद मौसम पूरी तरह से



ठंडा हो चुका है। सर्द भरी ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। करीब एक सप्ताह के बाद सोमवार को मौसम साफ हो गया। पिछले 24 घंटे में रात के तापमान में 3 डिग्री की और कमी आई है। पिछले 48 घंटों में यह 8 डिग्री गिरा है। दिन के तापमान में भी करीब पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार सुबह 10 बजे तक कोहरा छाया रहा है। जिससे ठिठुरन महसूस की गई। 10 बजे बाद मौसम साफ होना शुरू हुआ। तेज धूप निकलने के चलते लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन तेज धूप में भी ठंडी हवाओं ने ठिठुरन घोल रखी है। इस बार नवंबर और दिसंबर में ही ठंड रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। जनवरी में भी मौसम वैज्ञानिकों ने कड़ाके की ठंड के संकेत दिए है।

**कहीं 500 मीटर तो कहीं 200 मीटर रही विजिबिलिटी**

मावठे की बारिश के बाद सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। सुबह घना कोहरा छाने से कहीं 200 मीटर तो कहीं 500 मीटर विजिबिलिटी रही। इससे तापमान में गिरावट हुई है। अगले 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में और गिरावट आएगी।

**आगे ऐसा रहेगा मौसम**

मौसम वैज्ञानिकों ने अनुसार पश्चिमी उत्तरी भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है। एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी गुजर रहा है। इस वजह से पिछले दो दिन तक ओले गिरे और बारिश हुई। रविवार से बारिश की एक्टिविटी कम हो गई है। लेकिन कुछ जिलों में बारिश होने के आसार हैं। नए साल की पहली सुबह की शुरुआत तेज ठंड के साथ होगी। पूरे जनवरी माह कड़ाके की ठंड गिरेगी।

## शीघ्र दर्शन टिकट बंद, चलायमान होगी भस्म आरती, जानिए कैसी रहेगी नए साल की दर्शन की व्यवस्था




उज्जैन (ए.)। भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को 31 दिसंबर और एक जनवरी के दिन मंदिर समिति इस बार विशेष तैयारी कर रही है। भक्तों को आसानी से दर्शन कराने के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। भक्तों को कर्कराज पार्किंग से शक्तिपथ होते हुए महाकाल लोक से मंदिर में प्रवेश मिलेगा। 31 और एक को शीघ्र दर्शन टिकट व्यवस्था बंद रहेगी। कार्तिक मंडपम में सामान्य श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में प्रवेश कराकर दर्शन करवाए जाएंगे। इन दोनों दिन भस्मार्ती में श्रद्धालुओं की संख्या को आधा कर दिया जाएगा।

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में 31 दिसंबर और एक जनवरी को देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन करने आएंगे। दर्शनार्थियों की संख्या को देखते हुए मंदिर समिति सुविधा के इंतजाम जुटा रही है। भक्तों को आसानी से दर्शन हो सकते इसलिए व्यवस्थाएं बदली जा रही हैं। भक्तों को कर्कराज पार्किंग से शक्तिपथ के रास्ते श्री महाकाल महालोक से मंदिर में प्रवेश मिलेगा। इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को करीब ढाई किलोमीटर चलने के बाद भगवान के दर्शन होंगे। प्रशासन का दावा है कि सुगम दर्शन व्यवस्था से भक्त करीब 45 मिनट में भगवान के दर्शन कर सकेंगे।

## जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ा, दो महिलाओं सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

दमोह (ए.)। कोतवाली पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्री करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाशकर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि समन्ना गांव के एक आवेदक शोभाराम पटेल ने शिकायती आवेदन देकर बताया था कि उसने कादीपुर गांव में जमीन खरीदी थी। उसकी रजिस्ट्री कराई गई, लेकिन जब वह जमीन का नामांतरण कराने पहुंचे तो पता चला कि वह जमीन किसी और की है, जिसकी आरोपियों ने फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करई गई है। मामला सामने आने के बाद पुलिस की ओर से मामले में जांच शुरू की गई। इसमें साइबर सेल की मदद ली गई। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके बाद पूरी गैंग का पर्दाफाश हुआ। पकड़े गए आरोपियों में जबलपुर के थाना माढ़ोताल निवासी हरगोविंद पिता रामेश्वर पटेल 63, गाम समन्ना निवासी गिरधारी पिता भगवानदास पटेल 44, ग्राम चंदौरा हाल श्रीवास्तव कॉलोनी दमोह निवासी राजेश पिता घनश्याम पटेल 47, गेंदाबाई पति बेडीलाल बंसल 55 निवासी ग्राम बाकल जिला कटनी एवं जानकी पति रामदास गौर 30 निवासी माला ग्राम नोहटा को गिरफ्तार किया है।

## एक साथ तीन की निर्मम हत्या, बुजुर्ग दंपती और पड़ोस की महिला को मारकर नकदी और गहने ले गए बदमाश



शिवपुरी (ए.) । शिवपुरी जिले के मायापुर क्षेत्र के राउटोरा गांव में बीती रात बुजुर्ग दंपती समेत तीन लोगों की हत्या कर दी गई। किसी अज्ञात व्यक्ति ने बुजुर्ग पति-पत्नी और पड़ोस में रहने वाली एक महिला की हत्या कर दी। पति का शव फंदे पर लटका मिला तो वहीं पत्नी के सिर पर चोट के निशान थे। पड़ोसी महिला की गला दबाकर हत्या की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह सीताराम लोधी पत्नी मुन्नी बाई की लाश घर में पड़ी मिली। दंपती के नाती ने दोनों के शव देखे और पुलिस को सूचना दी। वहीं पड़ोस में रहने वाली सूरज बाई (65) की लाश भी उसके घर में पाई गई है।

# अब इंदौर में चलेगी डबल डेकर बसें, ट्रायल रहा सफल, निगम ने जारी किए टेंडर




इंदौर(ए.)। इंदौर में डबल डेकर बस का ट्रायल सफल हो गया है और अब नियमित रुप से इसे कुछ रुटों पर चलाने की तैयारी एआईसीटीएसएल ने की है। इसके लिए टेंडर भी जारी किए गए है, जो 21 जनवरी को खोले जाएंगे।

फरवरी माह तक आपरेटर तय होने के बाद बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इंदौर में एक माह तक शहर के अलग-अलग मार्गों पर डबल डेकर बस को चलाकर देखा गया था। डबल डेकर बस चौड़े मार्गों पर ही संचालित की जाएगी।

**चार बसों को चलाने की है तैयारी**

इंदौर में फिलहाल चार बसों को चलाने की तैयारी है। डबल डेकर बस की कीमत ज्यादा है। एक बस 2 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होती है। फिलहाल इंदौर के पर्यटन केंद्रों तक भी इसे चलाने की योजना है। बस में 80 से ज्यादा यात्री बैठ सकते है। इसके अलावा दो बसों का अन्य रुटों पर चलाने की योजना है। यह बसें इलेक्ट्रिक होगी।

अक्टूबर में बस निर्माता कंपनी ने एक डबल डेकर बस इंदौर भेजी थी। कुछ मार्गों पर इसका संचालन सफल रहा था। तब तय किया गया था कि यह बसें शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र है और इसका संचालन कुछ रुटों पर किया जा सकता है।

फिलहाल इन बसों को विजय नगर, स्कीम 140, सुखलिया ग्राम, स्टॉर चौराहा जैसे रुटों पर चलाने की संभावना है। यहां की सड़कें चौड़ी है और यात्रियों की संख्या भी ज्यादा है।

आपको बता दे कि डबल डेकर बसों की लंबाई 9 मीटर है, जबकि ऊंचाई 15 फीट। डबल डेकर बस सिंगल चार्जर में ढाई सौ किलोमीटर तक का सफर तय करेगी।

## नया साल स्वागत करने के लिए गुलजार पर्यटन स्थल, होटल बुकिंग फुल, फैमिली और कपल्स के लिए पैकेज तैयार



ग्वालियर (ए.)। नए साल का स्वागत करने के लिए सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और हर कोई इस न्यू ईयर को सेलिब्रेट करने के लिए प्लान तैयार कर रहे हैं। अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि नई साल की स्वागत के लिए ग्वालियर, शिवपुरी, चंदेरी और ओरछा तक सभी होटलों की बुकिंग पूरी तरह फुल हो चुकी है। वहीं, एमपी टूरिज्म ने भी खास तैयारी की है। एमपी टूरिज्म ने चंदेरी ओरछा से लेकर चंबल सफारी तक तीन सर्किट तैयार किए हैं, जहां कपल्स और फैमिलीज न्यू ईयर को सेलिब्रेट कर सकते हैं।



## जमीन विवाद को लेकर डेम्हा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट, चार लोगों ने मिलकर लाठी-डंडों से पीटा

सीधी(ए.)। सीधी जिले के जमोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम डेम्हा ने सोमवार को एक व्यक्ति के साथ चार लोगों ने मिलकर मारपीट की। चारो लोगों ने लाठी और डंडे से लैस होकर उनके घर के बाहर उनकी जमकर पिटाई कर दी, जिसके बाद उनका एक हाथ फैक्चर हो गया।

डेम्हा में मारपीट उस वक्त हुई, जब धर्मराज साकेत अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी उनके ही परिवार के रहने वाले चार लोगों ने उनकी लाठी और डंडों से पिटाई कर दी है। पीड़ित ने बताया कि रामनारायण साकेत, रामनरेश साकेत, रामकृपाल साकेत और सुंदरलाल साकेत ने लाठियों से मुझे मारा है, जिसके बाद मुझे गंभीर रूप से चोट आई है। बेहोशी की हालत में मुझे जिला अस्पताल सीधी लेकर आए हैं, जहां मेरा गंभीर हालत में उपचार चल रहा है।

# व्यापारी के गोदाम में चोरों ने लगाई सेंध, चार लाख रुपये कीमत की लहसुन चोरी



सागर (ए.)। बाजार में इन दिनों लहसुन की बड़ी मांग है। फुटकर बाजार में इसके मूल्य 300 से 400 रुपये किलो चल रहे हैं। बाजार में इसके बढ़े मूल्य के चलते अब लहसुन की चोरी भी होने लगी है। सागर जिले के देवरीकलां थाना क्षेत्र में एक किसान के गोदाम से 40 बोरी लहसुन चुरा ले गए हैं।देवरी नगर से करीब तीन किलोमीटर दूर नेशनल हाइवे-44 टिकरिया चौराहे पर एक गोदाम की दीवार तोड़कर अज्ञात चोर 40 कट्टी लहसुन चुरा ले गए हैं।

जानकारी के अनुसार, टिकरिया चौराहे पर मुकेश गुप्ता की गोदाम की दीवार तोड़कर अज्ञात चोरों ने लहसुन की 40 बोरियां चुरा ली है। घटना रविवार और सोमवार की दरमियानी रात्रि में घटित हुई है। किसान मुकेश गुप्ता ने चोरी की वारदात की सूचना पुलिस थाना देवरी में दिए। उन्होंने बताया कि उनकी गोदाम में 65 कट्टी लहसुन की रखी हुई थी और जब सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनकी गोदाम की दीवार तोड़कर लहसुन की चोरी हो गई है।

मौके पर जाकर देखा तो ईंट की दीवार में छेद करके चोरों ने 65 कट्टी में से 40 कट्टी चोरी हो गई, मौके पर लहसुन बिखरा पड़ा हुआ था तथा चार पहिया वाहन से चोरी की वारदात को अंजाम देने की आशंका है। उन्होंने बताया कि चोरों ने उन्हें करीब चार लाख रुपये की चपत लगा दी है। सूचना पर पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी है।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो एकड़ में रखी फसल जली, धमक में आया किसान हुआ बेहोश

दमोह (ए.)। दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम करौंदी सिंगोरगड में रविवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से किसान के खेत में रखी दो एकड़ की धान की फसल जलकर खाक हो गई। साथ ही धमक में एक बुजुर्ग किसान भी बेहोश हो गया, जिसे अस्पताल ले जाने पर होश आया। अब किसान की हालत बेहतर है।



पिछले तीन दिनों से मौसम बदला हुआ है। शनिवार को पूरे जिले में बारिश हुई। वहीं, उसके बाद से आसमान में बादल छाए हुए हैं। स्थानीय ग्रामीण महेंद्र सिंह ने बताया कि पहले तेज रफ्तार में बिजली तड़की और फिर वह आम के पेड़ पर गिरी। उसी पेड़ के नीचे नत्थू लोधी धान का ढेर रखा था और राहर की फ़सल रखी हुई थी, जो आग लगाने से पूरी जलकर खाक हो गई। कुछ ही दूरी पर एक घर में किसान सो रहा था। वह भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने के कारण बेहोश हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे हिलाया कुछ होश में आने के बाद अस्पताल ले जाया गया। महेंद्र सिंह ने बताया कि एक एकड़ में धान बोई थी, उसकी कटाई के बाद फसल का ढेर रख दिया था। साथ में एक एकड़ खेती में राहर की फ़सल की थी, उसकी कटाई करके दोनों फ़सल रखी थी, लेकिन शनिवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से दोनों फसलें जलकर राख हो गई।



## चाकू मारकर युवक की हत्या, गुस्साए परिजनों ने नेशनल हाइवे-43 पर लगाया जाम

उमरिया (ए.)। मिली जानकारी के मुताबिक, घुनघुटी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम अमरिया निवासी युवक लोकेश यादव को अज्ञात हमलावरों ने चाकू मार कर मौत के घाट उतार दिया। हालांकि, घटना की जानकारी के बाद पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक आरोपी को भी हिरासत में लिए जाने की जानकारी मिली है। लेकिन अभी भी अन्य आरोपी पुलिस की पहुंच से दूर बताए गए हैं।

इधर, मृतक युवक के परिजनों और स्थानीय लोगों के द्वारा मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। लोगों के द्वारा एनएच-43 को बंद कर जाम लगा दिया है। सैकड़ों की तादाद में एकत्रित लोगों के द्वारा मृतक युवक लोकेश यादव के शव को बीच सड़क पर रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों के द्वारा पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। लोगों का मानना है कि पुलिस मामले में गंभीरता नहीं बरत रही है।

वहीं, घंटों से एनएच-43 में लगे जाम के कारण लोगों को आवागमन में भी परेशानी खड़ी हो रही है। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग चुकी है। जबकि पाली थाना पुलिस और घुनघुटी चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों को जाम खोलने की समझाइश दे रही है। लेकिन परिजन और ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हैं। मामले में पुलिस के द्वारा एक आरोपी के गिरफ्तार किए जाने की जानकारी मिली है, शेष अन्य आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर बताए गए हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**


## व्यापार घाटे में बढ़ोतरी

समाधान देश के अंदर ही पूरा सप्लाई चेन तैयार करना है। लेकिन यह धीरज के साथ दूरगामी निवेश और नियोजन से ही हो सकता है। इस दिशा में पहल का कोई संकेत नहीं दिखता। नतीजतन, व्यापार घाटा अपरिहार्य बना हुआ है। चालू वित्त वर्ष में सिर्फ दो महीने ऐसे रहे, जब वस्तु व्यापार में उसके पिछले महीने की तुलना में व्यापार घाटा कम हुआ। लेकिन अप्रैल 2024 को आधार बनाएं, तो तब से नवंबर तक घाटा कुल मिला कर बढ़ा ही है। अप्रैल में व्यापार घाटा 19.1 बिलियन डॉलर रहा, जो नवंबर में 37.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। लेकिन अप्रैल 2024 को आधार बनाएं, तो तब से नवंबर तक घाटा कुल मिला कर बढ़ा ही है। अप्रैल में व्यापार घाटा 19.1 बिलियन डॉलर रहा, जो नवंबर में 37.8 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।इसका सीधा कारण तो निर्यात की तुलना में आयात का तेजी से बढ़ना है, लेकिन इस बड़ी कहानी के अंदर कुछ बारीक अहम तथ्य भी हैं।नवंबर में गुजरे वर्ष के इसी महीने की तुलना में आयात 27 फीसदी बढ़ा, वहीं निर्यात 4.7 प्रतिशत गिरा। सरकारी अधिकारी चूंकि हर नकारात्मक खबर के बचाव की दलील ढूंढ कर आते हैं, इसलिए उन्होंने नवंबर के आंकड़ों के बारे में कहा कि बीते महीने सोने का आयात तेजी से बढ़ा, जबकि प्रमुख रूप से पेट्रोलियम पदार्थों का निर्यात घटने की वजह से कुल निर्यात आंकड़ों में गिरावट दिखी।यानी चिंता की कोई बात नहीं है। वैसे स्वर्ण आयात बढ़ने का रास्ता सरकार ने ही साफ किया है। इस पर आयात शुल्क में भारी कटौती और यूएई से मुक्त व्यापार समझौते का इसमें प्रमुख योगदान है।उधर रूस से सत्ता तेल खरीद कर अमेरिका और यूरोप निर्यात करने का रुझान ठंडा पड़ गया है। ऐसे पेट्रोलियम निर्यातक दूसरी जगह बाजार ढूंढ रहे हैं, लेकिन अभी इसमें ज्यादा कामयाबी नहीं मिली है। वैसे व्यापार घाटे में बढ़ोतरी का कारण और भी है। भारत के निर्यात लगातार आयात निर्भर होते गए हैं। प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव जैसी योजनाओं के कारण प्रमुख इनपुट्स का आयात कर निर्मित वस्तुओं के निर्यात का चलन बढ़ा है। इस तरह भारत का जितना निर्यात बढ़ता है, उसी अनुपात में आयात बढ़ जाता है। इसका सबसे ज्यादा लाभ चीन को मिला है।यानी कुल मिला कर आयात-निर्यात के कारोबार में चीन पर निर्भरता बनी हुई है। इसका उपाय देश के अंदर ही पूरा सप्लाई चेन तैयार करना है। लेकिन यह धीरज के साथ दूरगामी निवेश और नियोजन से ही हो सकता है। इस दिशा में पहल का कोई संकेत नहीं दिखता। नतीजतन, व्यापार घाटा अपरिहार्य बना हुआ है।

# आधुनिकता के अनेक सार्थक पक्ष भी हैं जो समाज को बेहतर बनाते हैं

**भारत डोगरा**

***आधुनिक समाज में अनेक स्तरों पर जटिलताएं बढ़ रही हैं। तकनीकी बदलाव तेजी से हो रहे हैं, और सामान्य जनजीवन पर उनका असर बड़े स्तर पर हो रहा है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया को ही लें तो इनका बहुत व्यापक असर हुआ है दैनिक जीवन को हमने कई स्तरों पर कम समय में ही बदल दिया है। इनमें कुछ असर अच्छे हो सकते हैं, और कुछ बुरे। इस पर बहस हो सकती है, पर एक अधिक व्यापक सच्चाई यह है कि तकनीकी बदलाव में इतनी अधिक तेजी हुई है कि हमें उसे संतुलित और सुलझे हुए रूप में अपनाने के अवसर नहीं मिलते हैं। हम अभी संभलने की क्षमता प्राप्त कर ही रहे होते हैं कि तब तक बहुत कुछ गड़बड़ा जाता है।***



मुद्दा केवल तकनीकी बदलाव का ही नहीं है, बल्कि इससे आगे यह भी है कि इस बदलाव को विशेष दिशा में धकेलने के प्रयास साथ-साथ होते हैं। ये प्रयास प्राय: किसी भले उद्देश्य से नहीं जुड़े होते हैं अपितु शक्तिशाली और अति साधन-संपन्न तत्वों के अपना मुनाफा, नियंत्रण और आधिपत्य बढ़ाने की संकीर्ण सोच से जुड़े होते हैं। तकनीकी बदलावों के साथ ही लोगों की सोच को और कायरे को प्रभावित करने वाले पुराने स्रेतों का महत्त्व तेजी से कम होने लगता है, जबकि नये स्रेत हावी होने लगते हैं। इस स्थिति में समाज में नैतिकता की जो बहुत महत्त्वपूर्ण स्थिति और पहचान है, वह भी बहुत प्रभावित होती और बदलती है। क्या बुरा है और क्या गलत है, ऐसे बुनियादी सवाल और उनके जवाब नई तरह से प्रभावित होने लगते हैं। ऐसी कई प्रवृत्तियों, जिन्हें सामाजिक बुराई के रूप में मान्यता मिली हुई थी और ऐसी मान्यता मिलना तथ्य आधारित था, को अब बुराई माना ही नहीं जाता। गलत राह से रोकने के लिए जो सोच समाज में मौजूद थी, वही खिसकने लगती है।

इस तरह से एक ओर तो समाज में अनेक बुराइयां तेजी से फैल सकती हैं और इस कारण अनेक नये तनाव और समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके साथ-साथ समाज में कई मुद्दों पर अनिश्चय बढने की स्थिति आ सकती है। अनिश्चय की इस स्थिति के एक ओर तो अपने तनाव हैं और दूसरी ओर इसमें अनुचित तत्वों को अपना असर बढ़ाने के अधिक अवसर मिलते हैं। अत: ऐसे दौर और समय में रेखांकित करना और जोर देकर कहना बहुत जरूरी हो जाता है कि सामाजिक नैतिकता के अनेक शात तथ्य ऐसे हैं जो सदा महत्त्वपूर्ण और प्रासंगिक थे, आज भी हैं और सदा प्रासंगिक रहेंगे। एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि अपनी भलाई को समाज की भलाई के साथ जोड़ कर ही आगे बढ़ा जाए। इसके लिए जरूरी है कि सभी की भलाई, समाज की भलाई के बारे में सही समझ बनाने का प्रयास किया जाए जो समता, न्याय, अमन-शांति और पर्यावरण रक्षा जैसे बहुत व्यापक मान्यता के प्रतिष्ठित सिद्धांतों पर आधारित हो। अपनी प्रगति के बारे में सोचना मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति है, पर सामाजिक नैतिकता की मांग है कि इस प्रगति की ऐसी राह अपनाई जाए जो सामाजिक भलाई से जुड़ी रहे और किसी भी तरह की सामाजिक क्षति से बचे। स्वयं की प्रगति के लिए, इस प्रगति में तेजी लाने के लिए अपनी क्षमताओं का भरपूर विकास करना उचित है, पर इसके लिए किसी और को क्षति पहुंचाना और समाज को क्षति पहुंचाना अनुचित है।

इस सोच का निष्कर्ष तो यही है कि मेहनत और सच्चाई की जिंदगी ही सबसे उचित जिदंगी है। यह एक शात सत्य है, सामाजिक नैतिकता का बहुत महत्त्वपूर्ण पक्ष है, पर आज इस तरह की बातें बहुत कम सुनी जाती हैं, या कोई फिर भी कह दे, तो कई बार इसे महज उपदेश या ओल्ड फैशन सोच कहा जाता है। इससे यही सिद्ध होता है कि तेज बदलाव के आधुनिक युग में सामाजिक नैतिकता के महत्त्वपूर्ण पक्ष उपेक्षित और आहत ही रहे हैं, पर इससे सामाजिक नैतिकता के महत्त्वपूर्ण और शात पक्षों का महत्त्व कम नहीं होता है। हां, इतना जरूर है कि इन्हें रेखांकित करना, इनकी याद दिलाना पहले से अधिक जरूरी हो गया है।

इसी तरह सामाजिक संबंधों को बहुत ईमानदारी से निभाना सामाजिक नैतिकता का बहुत महत्त्वपूर्ण पक्ष है। इन नजदीकी संबंधों को आपसी गहरे विास के आधार पर बनाए रखना, इस विास को कभी नहीं तोडना मानव-जीवन का एक बहुत महत्त्वपूर्ण पक्ष है। गहरे विास पर आधारित यह संबंध अपने आप में बहुत महत्त्वपूर्ण है और साथ में सच्चाई, मेहनत, ईमानदारी पर आधारित जीवन के लिए ऐसे प्रगाढ़ संबंधों से बहुत सहारा भी मिलता है।

ऐसे जीवन में कठिनाइयां भी आती हैं और आज के आधुनिक दौर में कई तरह से यह संभावना अधिक बढ़ गई है। अत: सुख-दुख, उतार-चढ़ाव के बीच अपना संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है। कठिनाई और दुख की स्थिति में अपने को संभाल पाना और इसके लिए अपने नैतिक जीवन के आधार से मजबूती प्राप्त करना आवश्यक है। दूसरी ओर अधिक सफलता मिल जाने पर अपने संतुलन को बनाए रखना, अपने नैतिक मार्ग पर दृढ़ रहना और हर तरह के अहंकार और सफलता के अनुचित दोहन से बचना आवश्यक है।

जिस तरह की सामाजिक नैतिकता की जरूरत समाज को सदा रही है और तेज बदलावों के आधुनिक दौर में विशेष तौर पर है, उसे प्रतिष्ठित करने के प्रयास आज बहुत जरूरी हैं पर फिर भी उपेक्षित हैं। दूसरी ओर, इस तरह के चालू प्रवृत्ति के प्रयत्न अधिक देखे जाते हैं जिनमें चालाकी से एक तरह से लोगों को भ्रमित कर किसी असरदार व्यक्ति के नेतृत्व में लाया जाता है और उनकी भावनाओं का दोहन किया जाता है। ऐसे प्रयासों के स्थान पर सही तरह की सामाजिक नैतिकता प्रतिष्ठित हो तो समाज की उचित और संतुलित प्रगति से बहुत मदद मिलेगी।

मौजूदा दौर में अनेक गंभीर समस्याओं के बढने का एक व्यापक स्तर का कारण यह है कि इन समस्याओं पर नियंत्रण लगाने वाली जो नैतिकता आधारित मान्यताएं समाज में मौजूद थीं, उनका तेजी से ह्रास हुआ है। भ्रष्टाचार बढने का एक मुख्य कारण यह है तो दूसरी ओर, अन्य संदर्भ में, तरह-तरह के बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को समझने के लिए भी इस तरह के बदलाव को समझना पड़ेगा जो बहुत स्पष्ट चाहे नजर न आएं पर बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। महिलाओं के विरुद्ध विशेष तरह की हिंसा और अपराधों को भी इस व्यापक संदर्भ में समझना जरूरी है।

इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आधुनिकता अपने आप में बुरी है। आधुनिकता के अनेक सार्थक पक्ष भी हैं जो समाज को बेहतर बनाते हैं, या बना सकते हैं। पर समाज में व्यापक स्तर पर समझ बनानी होगी कि आधुनिकता के नाम पर जो कुछ समाज में आ रहा है और तेजी से आ रहा है, उसमें क्या अनुचित है, और क्या उचित है ताकि इस समझ के आधार पर आधुनिकता को हम सुलझे हुए और संतुलित आधार पर अपना सकें।



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की.

# बिजली चोरी या फिर अवैध निर्माण जवाबदेही तय हो

रोहित कौशिक

इस समय उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर बिजली विभाग किसी भी रूप से बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। अतिक्रमण करने और अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई कर अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।

निश्चित रूप से समाज में संदेश जाना चाहिए कि जो भी गलत काम करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसा संदेश जाएगा तो लोग अवैध काम करने से डरेंगे और बेहतर व्यवस्था और अच्छा समाज बनाने में मदद मिलेगी। लेकिन क्या ऐसी कार्रवाई करने की बात इतनी सरल है?

अनेक लोग इस तरह की कार्रवाई को गलत बता रहैहैं। कुछ लोगों का आरोप है कि राजनीतिक द्वेष के कारण भी इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या नियमित रूप से इस तरह की कार्रवाई की जाती है? क्या नियमित रूप से देखा जाता है कि कहां बिजली चोरी हो रही है, और कहां लोगों ने अवैध रूप से मकान बनाए हुए हैं, या कब्जे किए हुए हैं? हो सकता है कि अपवाद के तौर पर कहीं ऐसा होता हो लेकिन सामान्य तौर पर ऐसा नहीं होता। ज्यादातर मामलों में इस तरह की कार्रवाई किसी शिकायत या फिर अन्य कारणों से होती है।

सवाल है कि सामान्य तौर पर ऐसी कार्रवाई क्यों नहीं होती? सामान्य तौर पर संबंधित कर्मचारी और अधिकारी क्या कर रहे होते हैं? कई मामलों में कर्मचारी और अधिकारी रित लेकर चुप हो जाते हैं, और अवैध काम की तरफ से मुंह मोड़ लेते हैं। निश्चित रूप से भारत लगातार विकास की राह पर अग्रसर है लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देश में रित का खात्मा नहीं हो सका है। भरे बाजार में बिना नक्शा पास हुए बड़ी-बड़ी बिल्डिंग कैसे बन जाती हैं? किसी सुनसान जगह पर ऐसी बिल्डिंग बने तो बात समझ में आती है कि उस बिल्डिंग पर किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी होगी। लेकिन ऐसे मुख्य बाजार और ऐसी मुख्य सड़क, जहां से अधिकारी रोज गुजरते हैं, पर भी अवैध निर्माण धड़ल्ले से होते हैं। समझ से परे है कि ऐसे निर्माण पर अधिकारियों का ध्यान क्यों नहीं जाता। जब ऐसी अवैध इमारतों में कोई हादसा हो जाता है, या इनकी शिकायत की जाती है तो अधिकारी तुरंत हरकत में जा जाते हैं। विपक्ष से जुड़े नेता की बिल्डिंग पर कार्रवाई होने में देर नहीं लगती। इसका सीधा सा अर्थ है कि संबंधित विभाग के कर्मचारी और अधिकारी जानबूझ कर अवैध निर्माण को प्रश्रय देते हैं, और जब अवैध निर्माण हो जाते हैं तो उन्हें ध्वस्त करने का डर दिखा कर उगाही की जाती है। आम तौर पर अवैध इमारतों के मालिकों को पहले नोटिस दिया जाता है। नोटिस देने के बाद ही अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाता है।लेकिन अक्सर नोटिस देने की प्रक्रिया में भी धांधली होती देखी गई है। कई लोगों ने आरोप लगाए हैं कि इमारत गिराने से पहले उन्हें नोटिस नहीं दिया गया। किसी भी रूप से बिजली की चोरी की जाएगी या फिर अवैध निर्माण किए जाएंगे तो इसका असर समाज और अंतत: देश पर ही पड़ेगा। ज्यों-ज्यों देश विकसित हो रहा है, त्यों-त्यों देश में बिजली की खपत भी बढ़ रही है। हालांकि पहले की अपेक्षा देश में बिजली उत्पादन बढ़ा है, लेकिन किसी भी तरह से बिजली चोरी होती है तो इसका असर बिजली की कुल क्षमता पर पड़ता है। भले सरकार बिजली निर्माण के लिए कितने भी नये बिजलीघर लगा ले लेकिन बड़े पैमाने पर हो रही बिजली चोरी नहीं रोकी गई तो इन बिजलीघरों का पूरा लाभ देश को नहीं मिल पाएगा। ऐसा नहीं है कि गरीबी के कारण ही लोग बिजली चोरी करते हैं, बड़ी-बड़ी औद्योगिक इकाइयां भी बिजली चोरी करती पकड़ी जाती हैं।

पहले से ज्यादा शिक्षित समाज के कुछ लोगों को अवैध काम करने में न ही शर्म आती है, और न किसी तरह का डर होता है। अवैध काम करने के पीछे सारा दोष हमारी मानसिकता का है। इसी मानसिकता के चलते पहले हम गलत काम करते हैं, और बाद में रित देकर गलत काम को वैधता प्रदान करने की कोशिश करते हैं। कोढ़ में खाज यह कि प्रशासन और संबंधित कार्यालय पहले हाथ पर हाथ रख कर बैठा रहता है, और बाद में खुद को ईमानदार साबित करने की कोशिश करता है।




मेष राशि : आज काम का बोझ अधिक हो सकता है, लेकिन आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित हो सकती है। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। कारोबार में आपको फायदा हो सकता है, लेकिन आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल बनाकर रखना चाहिए।

वृष राशि : आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो सकता है। आसपास के लोगों से आपको सहयोग मिल सकता है। ऑफिस में आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक समस्यायें खत्म होंगी।आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आज आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। इससे आपको फायदा भी जरूर होगा।

मिथुन राशि : आज आप करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। आप जिस किसी काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको अच्छी कामयाबी मिलेगी। ऑफिस में काम को पूरा करने में पूरी तरह से आप सक्षम होंगे। इस राशि के लॉ की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया रहेगा।आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

कर्क राशि : आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल हो सकते हैं। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। नए कार्य प्रारंभ करने का मन बन सकता है। अगर आप कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको तरक्की के कई नये रास्ते खुले नजर आएंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।

सिंह राशि : आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आय के नएस्त्रोत सामने आयेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा।आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेगा। इससे आप दोनों के बीचनजदीकियां बढेंगी। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल खुशनुमा बनारहेगा। आपके धन-संपत्ति में वृद्धि होगी।

कन्या राशि : आज आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो सकती है। करियरमें आपको सफलता मिल सकती है। नौकरी के क्षेत्र में आपको सफलता मिल सकती है। आपके साथ सब अच्छा होगा आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। समय से काम पूरा कर लेना बेहतर रहेगा। आप किसी पारिवारिक समारोह में जा सकते हैं। वहां आपको देखकर कुछ लोग खुश होंगे। सीनियर्स आपके काम से खुश हो सकते हैं। आपके सेहत में थोड़ी गिरावट हो सकती है।

तुला राशि : आज आपको तनाव से मुक्ति मिल सकती है, जिससे आप काफी राहत महसूस करेंगे। रोजगार पाने में लोगों की मदद आपको मिलती रहेगी। परिवार वालों के साथ आप खुशियों के पल बिता सकते हैं। प्रेम-संबंधों में मजबूती आयेगी। इस राशि के विद्यार्थियों की अध्ययन के प्रति रूचि बढ़ सकती है। आपको कुछ नए मौके मिलने की संभावना है। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।

वृश्चिक राशि: आज आपको कोई महत्वपूर्ण समाचार मिलेगा। कारोबार में कुछ नए लोग आपसे जुड़ सकते हैं। किसी महिला मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक पक्ष पहले से बेहतर रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे। सोचे हुए कुछ जरूरी काम पूरे होंगे। आप बड़े ही खुश नजर आयेंगे। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में जीत हासिल होगी। आपके मान-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। सेहत अच्छी रहेगी।

धनु राशि: आज किस्मत का सहयोग मिलेगा। आपको नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। बिजनेस में विरोधियों से आपको बचकर रहना चाहिए। ऑफिस में सीनियर आपके काम से खुश होकर आपको कुछ गिफ्ट कर सकते हैं। किसी भी काम को करने से पहले बड़ों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। बच्चे पढ़ाई के प्रति कुछ कम रूचि लेंगे।

मकर राशि : आज कार्यक्षेत्र में सीनियर्स का सहयोग मिलेगा।किसी काम में ज्यादा मेहनत और समय लग सकता है। आप रिश्तों में सुधार लाने की कोशिश कर सकते हैं। आज आपको कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना चाहिए, बेहतर रहेगा। आज बच्चे पार्क में खेलने जा सकते हैं। माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा।

कुंभ राशि: आज आपके व्यक्तित्व में निखार आ सकता है। व्यापारी वर्ग को अचानक से कोई बड़ा धन लाभ हो सकता है। आप अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव ला सकते हैं। आपका आत्मविश्वास बढ़ सकता है। करोबार में आ रही परेशानिया खत्म होंगी। आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। आप धार्मिक कार्यों में रूचि ले सकते हैं।

मीन राशि: आज भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे। आपकी मेहनत रंग लायेगी। कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। घरेलू काम को निपटाने में आप सफल रहेंगे। आपको अचानक धन लाभ होगा। कई योजनाएँ समय से पूरे हो जायेंगे। परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी।

# स्मृति शेष : भारत को दोबारा इतना शिक्षित, सरल और सौम्य प्रधानमंत्री मिलना नामुमकिन

## मज़बूत मनमोहन सिंह को कांग्रेस के कर्णधारों ने ही कर दिया था कमजोर

**गणेश साकल्ले**

***प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की क़ाबिलियत का कांग्रेस हाई कमान ने सच में सदुपयोग किया होता तो शायद उसे आज ये दुर्दिन नहीं देखने पड़ते । पहला कार्यकाल तो उनका ठीक-ठाक रहा, लेकिन दूसरे दूसरे कार्यकाल में हाईकमान और उसके कारिंदों की दबी-कुची महात्वाकांक्षाए कुलाँचे मारने लगी। वह भी सत्ता के दोहन की। यह कब दुरूपयोगों में तब्दील हो गया इसकी हाईकमान को भनक तक नहीं लगी। जब चारों-ओर घपले-घोटालों की गूंज उठने लगी , तब तक बहुत देर हो चुकी थी।***



वर्ष 2005 में मुझे दिल्ली में डा. मनमोहन सिंह से मिलने और सीधी बात करने का मौका मिला। अवसर था तीन दिनी सोशल सेक्टर एडिटर कांफ्रेंस के अंतिम दिन प्रधानमंत्री का अपने निवास पर पत्रकारों से मिलने का। इस दौरान एक ग्रुप फोटो सेशन भी होना था, जिसके लिए एस.पी.जी. अधिकारियों ने सात कुर्सियां एक तरफ लगवाकर पत्रकारों को पहले ही उस स्थान पर खड़ा कर रखा था। मगर मैं तो दैनिक भास्कर के विशेष संवाददाता की हैसियत से गया था तो कुछ प्रश्न तो दिमाग में कौंध ही रहे थे, सो मैंने तरकीब लगाई कि फ़ोटो तो होती रहेगी, लेकिन कोई खबर नहीं निकाली तो यहाँ आने और पीएम से मिलने का क्या फ़ायदा? लिहाजा बातचीत के दौरान एक एस.पी. जी अधिकारी से मैंने पता कर लिया कि प्रधानमंत्री किधर से आएंगे और उस ओर अपनी दृष्टि जमा दी, जैसे ही डॉ. सिंह अपनी चिरपरिचित मुद्रा में उस बगीचे में आए, अपन ने उन्हें नमस्ते कर रोक लिया।

उन्होंने बताया कि आर्थिक मामलों पर लिखने वाले पत्रकारों से तो मैं अक्सर मिलता रहता हूं, लेकिन इस बार मेरी मंशा देश के विभिन्न राज्यों में सामाजिक विषयों पर कलम चलाने वाले कलमकारों से मिलने की थी। इसी उद्देश्य से पत्र सूचना कार्यालय की अगुवाई में यह सोशल सेक्टर एडिटर कांफ्रेंस का आयोजन किया गया, वह भी पहली बार। फिर मुस्कुराते हुए उन्होंने हमारी तरफ एक सवाल उछाला और पूछा कि कैसी रही आप लोगों की कांफ्रेंस? इतना सुनते ही मैंने तपाक से कहा कि सर, कांफ्रेस तो अच्छी रही, लेकिन हमें तीन सवालों के समाधान कारक जवाब आपके कोई भी मंत्री नहीं दे पाए। उन्होंने पूछा कि वो कौन से सवालात थे- मैंने उन्हें बताया कि पहला सवाल तो जनसंख्या के विस्फोट को रोकने के सरकारी प्रयासों पर था। इसके जवाब में डॉ. सिंह ने स्व. संजय गांधी के दौर में चलाए गए जबरन नसबंदी अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि जबर्दस्ती जनसंख्या नियंत्रण का वह प्रयोग सफल नहीं हुआ था, इसलिए हमारी सरकार जन जागरुकता और नि:शुल्क निरोध बांटकर जनसंख्या वृद्धि दर को रोकने की कोशिश कर रही है।

फिर मेरा दूसरा सवाल यह था कि संसद में आपराधिक मुक़दमे दर्ज होने के बावजूद कई नेता चुनकर पहुंच रहे हैं। वहां बैठकर वे कानून बना रहे हैं। ऐसी स्थिति में कहीं ऐसा न हो कि एक दिन पूरी संसद पर ही आपराधिक तत्वों का कब्जा हो जाए। इसके जवाब में डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा कि नेताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमों का शीघ्र निपटारा करने के उद्देश्य से ही हमने फ़ास्ट ट्रेक कोर्ट बनाने का निर्णय लिया है, ताकि लंबित आपराधिक मुकदमों का जल्दी से जल्दी निपटारा हो सके।

इसके पश्चात मेरा तीसरा और अंतिम प्रश्न यह था कि आए दिन ये खबरें उड़ती रहती हैं कि बीना में लगने वाली पेट्रोलियम रिफाइनरी को अमेठी में शिफ्ट किया जा रहा है। उन्होंने साफ तौर पर इस खबर का खंडन किया और कहा कि बीना से रिफ़ाइनरी शिफ्ट नहीं होगी। ज़रूरत पड़ी तो अमेठी में नई पेट्रोलियम रिफाइनरी लगा दी जाएगी।

इस सवाल-जवाब से जाहिर है कि सभ्य, सहज, सरल और सौम्य स्वभाव के डॉ. मनमोहन सिंह कितने सख्त फैसले ले सकते थे, लेकिन दूसरे कार्यकाल में कांग्रेस हाईकमान ने ही उन्हें कमजोर कर दिया। अगर डॉ. सिंह को फ्री हैंड मिलता तो वे देश को कहां से कहां ले जा सकते थे। उनमें अपार क्षमता एवं योग्यता थी, किन्तु सियासी दांवपेंच से वे नावाक़िफ़ थे। इस मान से हम यह कह सकते हैं कि एक सक्षम, समर्थ और सादगी पसंद शख्स़ियत का अवसान देश के लिए अपूरणीय क्षति हैं। उनकी नीति-नीयत तो नि:संदेह क़ाबिले तारीफ़ थी।

# दिल्ली चुनाव से पहले केजरीवाल का एक और बड़ा दांव, पुजारी-ग्रंथियों को मिलेंगे 18,000 रुपये



नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली के विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक और बड़ा दांव चला है।केजरीवाल ने सोमवार को पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करने की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत हर पुजारी और ग्रंथी को हर महीने 18,000 रुपये नकद दिए जाएंगे।केजरीवाल ने कहा कि योजना की शुरुआत मंगलवार 31 दिसंबर से होगी। उन्होंने भाजपा से अपील की कि पुजारी और ग्रंथियों की योजना को न रोकें। केजरीवाल ने बताया, योजना का पंजीकरण कल से शुरू होगा। इसका शुभारंभ करने के लिए कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाऊंगा और वहां के पुजारियों का पंजीकरण करूंगा। इसके बाद दिल्ली के सभी मंदिर और गुरुद्वारों में हमारे विधायक, उम्मीदवार और कार्यकर्ता पुजारियों और ग्रंथियों का पंजीकरण करेंगे। मेरी भाजपा से हाथ जोड़कर विनती है महिला सम्मान और संजीवनी योजना की तरह पुजारी और ग्रंथियों की योजना रोकने की कोशिश न करें, उससे उनको बड़ा पाप लगेगा। केजरीवाल महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ी योजनाओं का ऐलान कर चुके हैं, जिसे वे चुनाव जीतने के बाद लागू करेंगे।केजरीवाल ने वादा किया कि उनकी 2025 में जीतने पर उनकी सरकार महिला सम्मान राशि 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये करेगी।इसके अलावा 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को संजीवनी योजना के तहत किसी भी बीमारी का इलाज दिल्ली के किसी भी निजी-सरकारी अस्पतालों में बिल्कुल मुफ्त मिलेगा। इसके अलावा 24 घंटे नल से शुद्ध पानी मिलेगा।

## भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर अत्याचार का प्रतीक

### -बीपीएससी आंदोलन पर प्रियंका गांधी ने कहा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को पटना में छात्रों को कथित रूप से प्रताड़ित करने के लिए बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की आलोचना की। बीते रविवार को पटना पुलिस ने 70वीं बीपीएससी संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हजारों अभ्यर्थियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और उन पर पानी की बौछार की। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है। लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है। इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठी चार्ज करना अमानवीय है। भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है।



सोमवती अमावस्या के अवसर पर पवित्र स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर की पौड़ी पर एकत्रित हुए.

## मनमोहन सिंह को मिलना चाहिए भारत रत्न, तेलंगाना विधानसभा ने पारित किया प्रस्ताव



नई दिल्ली (ए)। प्रस्ताव के समर्थन में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने सिंह को आधुनिक भारत का मूक वास्तुकार कहा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विधानसभा एक अलग प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राष्ट्रीय राजधानी में पूर्व प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव के लिए एक स्मारक स्थापित करने का आग्रह करे। चर्चा के बाद, प्रस्ताव को पार्टी लाइनों से परे सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया, साथ ही विधानसभा ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन भी रखा। हालाँकि, विपक्ष के नेता के चन्द्रशेखर राव सत्र में शामिल नहीं हुए। रेड्डी ने सिंह की मृत्यु को देश के लिए अपूरणीय क्षति बताया और तेलंगाना की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार उनके योगदान की मान्यता में हैदराबाद के वित्तीय जिले में सिंह की एक प्रतिमा स्थापित करेगी। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैऔर जानें प्रस्ताव के समर्थन में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने सिंह को आधुनिक भारत का मूक वास्तुकार कहा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विधानसभा एक अलग प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राष्ट्रीय राजधानी में पूर्व प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव के लिए एक स्मारक स्थापित करने का आग्रह करे। भाजपा के सदन नेता महेश्वर रेड्डी ने शोक प्रस्ताव के लिए अपनी पार्टी का समर्थन व्यक्त किया, लेकिन राहुल गांधी के संबंध में टिप्पणी की, जिसके कारण विधायी मंत्री श्रीधर बाबू ने आपत्ति जताई। मंत्री ने अध्यक्ष से रेड्डी की टिप्पणियों को हटाने का अनुरोध किया।

## ऐसा कोई सगा नहीं जिसे केजरीवाल ने ठगा नहीं

### *आप की योजनाओं पर हरदीप पुरी का तंज*



नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री पर लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ऐसा कोई सगा नहीं जिसे केजरीवाल ने ठगा नहीं। पुरी ने दावा किया कि महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना में उचित बजटीय प्रावधानों और कैबिनेट की मंजूरी का अभाव है। महिला सम्मान योजना का उद्देश्य दिल्ली में रहने वाली महिलाओं को प्रति माह 2,100 रुपये प्रदान करना है। मंत्री ने योजनाओं की ईमानदारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्पष्ट वित्तीय समर्थन या मजबूत कार्यान्वयन प्रक्रिया के बिना ऐसी योजनाओं की घोषणा करना लोगों के साथ विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि आप योजनाएँ बना सकते हैं लेकिन इसके लिए बजटीय प्रावधान होना चाहिए। योजना को आगे भी बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब में महिलाओं से किए गए वादे पूरे नहीं किए गए और वह दिल्ली में महिलाओं को 2,100 रुपये देने की एक और योजना लेकर आए।

## नए साल पर खुशी मनाने की छूट, लेकिन हुड़दंग बर्दाश्त नहीं : यूपी डीजीपी



लखनऊ (ए)। 2024 का आखिरी दिन आपका मंगलमय रहे और आप नव वर्ष 2025 का स्वागत कर सकें इसके लिए आपको, उसमें भी खासकर युवाओं को अपने ऊपर कुछ नियंत्रण रखना होगा। नए साल का स्वागत हुड़दंग से करने की जगह आप अपने पूरे साल भर का प्लान तैयार करें, कैसे आपको आगे बढ़ना और अपना लक्ष्य हासिल करना है। लेकिन आप अनियंत्रित हुए और आपकी वजह से किसी को परेशानी हुई तो यूपी पुलिस आपके लिए मुसीबत का सबक बन सकती है। क्योंकि उसके कंधों पर प्रदेश की 24 करोड़ जनता की सुरक्षा के अलावा कानून व्यवस्था संभाले की भी जिम्मेदारी है। इसीलिए नव वर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले आयोजनों के दौरान हंगामा करने वालों से पुलिस सख्ती से पेश आएगी। इसके लिए पूरे प्रदेश में संवेदनशील स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। इन स्थानों पर डिप्टी एसपी व एएसपी स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहेगा। खासकर शराब पीकर गाड़ी चलाने व हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने प्रदेश के सभी पुलिस कमिश्नरों, एसपी, डीआईजी व आईजी को ऐसे निर्देश दिए हैं कि जिलों में होटल, क्लब और मनोरंजन गृहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जहां नववर्ष के कार्यक्रम होते हो, वहां सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाये। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में 31 दिसम्बर को फ्लैग मार्च भी निकाला जाए। महिलाओं की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई जाए। प्रशांत कुमार ने 112 पुलिस सेवा को निर्देश दिए हैं कि नए साल पर अक्सर युवक सड़कों पर बाइक व कार तेज गति से चलाते हैं जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। इसको देखते हुए शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जाए। ब्रेथ एनालाइजर से चेकिंग की जाए। सभी प्रमुख बाजारों व सीमावर्ती स्थानों पर नजर रखी जाए। डीजीपी ने अपने निर्देश में कहा है कि नववर्ष पर धार्मिक स्थानों पर काफी संख्या में श्रद्धालु आते है।

## मुख्यमंत्री आवास के नीचे शिवलिंग है

### अखिलेश यादव के सवाल पर भाजपा ने दिया जवाब

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के नीचे शिवलिंग वाले बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है।यादव के बयान पर भाजपा के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा, 2013 में उन्होंने (यादव ने) 1,000 टन सोना निकालने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल किया था। वह सोना निकालने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें शिवलिंग से दिक्कत है। इसीलिए वह मुख्यमंत्री आवास की खुदाई की बात कर रहे हैं।लखनऊ में अखिलेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था, भाजपा सरकार अपनी विफलता छिपाने और जनता से जुड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए जगह-जगह खुदाई करवा रही है। हमारा मानना है कि मुख्यमंत्री आवास के नीचे भी एक शिवलिंग है। वहां भी खुदाई होनी चाहिए। निर्दोष लोगों के घरों को अवैध रूप से बुलडोजर से ध्वस्त किया जा रहा है।





केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए नई दिल्ली में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों के साथ छठे बजट-पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की.

## नए साल की मुबारकबाद शरीयत के खिलाफ : बरेलवी मौलाना

लखनऊ (ए)। उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के बरेलवी मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने नए वर्ष की मुबारकबाद देना और जश्न मनाना शरीयत के अनुसार नाजायज बताया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि नए साल का आगाज होने वाला है और नौजवान लड़के और लड़कियां जश्न मनाकर एक दूसरे को मुबारकबाद देते हैं। मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी ने कहा कि नया साल जनवरी से शुरू होता है जो अंग्रेज, ईसाइयों का नया साल है। ईसाइयों का मजहबी, धार्मिक कार्यक्रम है और उसे वे हर साल के पहले दिन जश्न के रूप में मनाते हैं। इसलिए मुसलमानों को नए साल का जश्न मनाना जायज नहीं है। मौलाना ने कहा कि नए साल का जश्न मनाना, एक दूसरे को मुबारकबाद देना, पटाखे दागना, तालियां बजाना, शोर मचाना, सीटियां बजाना, लाइट बंद करके हुड़दंग करना और फिर लाइट को दोबारा जलाना, नाच गाना करना, शराब पीना, जुआ खेलना, मोबाइल वाट्सएप से एक-दूसरे को मैसेज भेजकर मुबारकबाद देना, ये सारे काम शरीयत की रोशनी में नाजायज हैं।

## दिल्ली में प्रयागराज महाकुंभ का रोड शो हुआ

### उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल रोड शो में हुए शामिल


नई दिल्ली, (आरएनएस)। योगी सरकार महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, वित्त एवं संसदीय कार्य, मंत्री सुरेश खन्ना ने दिल्ली में एक भव्य रोडशो का नेतृत्व किया। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को भारत की विविधता में एकता का अद्वितीय उत्सव बताते हुए दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, माननीय मुख्यमंत्री आतिशी तथा वहां की सम्मानित जनता को प्रयागराज महाकुंभ-2025 में आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठा रही है। सुरेश खन्ना ने कहा कि महाकुंभ, भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-समावेशी भारत' की दिव्य और जीवंत झांकी है। सुरेश खन्ना ने कहा कि आप सबमें बहुत से ऐसे लोग होंगे, जिनके पास प्रयागराज कुम्भ-2019 का दिव्य एवं भव्य अनुभव होगा, भारतीय सांस्कृतिक गौरव के रूप में जिसकी अविस्मरणीय छवि विश्व पटल पर अंकित हुई थी। यही नहीं, मेले के कुशल प्रबन्धन को भी पूरी दुनिया ने मुक्त कंठ से सराहा था। उन्होंने कहा कि इस बार आयोजित हो रहा महाकुंभ पिछले कुंभ से और अधिक दिव्य एवं भव्य होगा।





प्रयागराज महाकुंभ-2025 में 45 करोड़ तीर्थयात्रियों, साधु, संतों, कल्पवासियों एवं पर्यटकों के आने की संभावना है। इसके दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार ने समयबद्ध ढंग से समुचित प्रबंध कर लिया है। सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक माँ गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम तट पर प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर महाकुंभ 12 वर्ष के अंतराल पर एक बार फिर प्रयाग की पुण्य धरा पर आयोजित हो रहा है। सुरेश खन्ना ने महाकुंभ की तैयारी के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि यह स्वच्छ, स्वस्थ्य, सुरक्षित एवं डिजिटल महाकुंभ है। मेला को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ का संकल्प लिया गया है। इस अभियान के तहत मेला क्षेत्र में विभिन्न दोना-पत्तल विक्रेताओं की दुकानों का आवंटन, 400-स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ स्वच्छता पर बैठक, 4 लाख बच्चों और प्रयागराज की जनसंख्या के 5 गुना नागरिकों तक स्वच्छ महाकुम्भ की पहल को पहुंचाया जा रहा है। साथ ही हर घर दस्तक अभियान के अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त का संदेश घर-घर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ- 2025 को हरियाली से भरा बनाने के लिए क्लीन के साथ-साथ ग्रीन कुंभ पर विशेष ध्यान दिया गया है। पूरे प्रयागराज में करीब तीन लाख पौधों का रोपण भी किया गया है। मेले के खत्म हो जाने के बाद पौधों को संरक्षण खुद उत्तर प्रदेश सरकार करेगी। सुरेश खन्ना ने कहा कि इसे स्वस्थ महाकुंभ के दृष्टिकोण से भी तैयार किया जा रहा है जिसमें आने वाले तीर्थयात्रियों, साधु, संतों, कल्पवासियों और पर्यटकों के स्वास्थ्य देखभाल की भी व्यवस्था है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की बड़े पैमाने पर तैनात किया गया है। परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल बनाया गया है। 20 बेड के दो और 8 बेड के छोटे अस्पताल भी तैयार किए गए हैं। मेला क्षेत्र और अरैल में 10-10 बेड के दो आईसीयू, आर्मी हॉस्पिटल की ओर से बनाए गए हैं। इन अस्पतालों में 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती रहेगी।

## भारत का रक्षा निर्यात एक दशक में 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया : राजनाथ सिंह



नई दिल्ली (ए)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात एक दशक पहले के दो हजार करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। दो शताब्दी से अधिक पुरानी महू छावनी में आर्मी वॉर कॉलेज (एडब्ल्यूसी) में अधिकारियों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि रक्षा निर्यात 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि लगातार बदलते समय में सीमांत प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सैन्य प्रशिक्षण केंद्र भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों को सुसज्जित और तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सिंह ने कहा, एक दशक पहले हमारा रक्षा निर्यात करीब दो हजार करोड़ रुपये था, जो आज 21 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। हमने 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि भारत में निर्मित उपकरण दूसरे देशों को निर्यात किए जा रहे हैं। सिंह ने अपने भाषण में युद्ध में आमूलचूल परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि सूचना युद्ध, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित युद्ध, छद्म युद्ध, अंतरिक्ष युद्ध और साइबर हमले जैसे अपरंपरागत तरीके बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उन्होंने इस तरह के हमलों से लड़ने के लिए सेना को अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित करने की आवश्यकता पर बल दिया और महू में प्रशिक्षण केंद्रों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की। सिंह ने बदलते समय के अनुसार प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में लगातार सुधार करने और कर्मियों को हर तरह की चुनौती के लिए तैयार करने की कोशिश करने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और संयुक्तता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में सशस्त्र बल बेहतर और अधिक कुशल तरीके से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। सिंह ने कहा कि महू छावनी में सभी शाखाओं के अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। सिंह ने कहा कि भविष्य में अधिकारी को वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए।

## पुष्पा के निर्माताओं को पीड़ित परिवार से संपर्क करने के लिए जल्द कदम उठाना चाहिए था : पवन कल्याण

अमरावती (ए)। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा कि अल्लू अर्जुन अभिनीत पुष्पा 2 के निर्माताओं को हैदराबाद के एक थिएटर में हाल में हुई भगदड़ में मारी गई महिला के परिवार से पहले ही संपर्क करना चाहिए था। चार दिसंबर को आरटीसी चौराहे पर स्थित थिएटर में फिल्म देखने गई 35 वर्षीय एक महिला की भगदड़ में मौत हो गई थी और उसका आठ वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। उप मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कदम से स्थिति को नियंत्रण से बाहर होने से रोका जा सकता था और तिल का ताड़ बनने से बचाया जा सकता था। कल्याण ने कहा कि वे (फिल्म निर्माता) अगले ही दिन पीड़ित के घर जा सकते थे। उन्होंने कहा कि निर्माता, निर्देशक या टीम के किसी भी सदस्य को अपनी संवेदना व्यक्त करनी चाहिए थी और दिखाना चाहिए था कि वे परिवार के दुख में उनके साथ हैं। कल्याण ने कहा कि अगर फिल्म से जुड़े लोगों ऐसा किया होता, तो मामला इतना आगे नहीं बढ़ता। घटना के बाद, हैदराबाद पुलिस ने अर्जुन को कुछ समय के लिए गिरफ्तार कर लिया जिससे एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया।



*दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पूर्व सांसद प्रवेश साहिब सिंह नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए.*



# कबीर बहिया से अफेयर की अफवाहों के बीच, कृति सेनन बोली-'प्यार को लेकर किसी की नहीं सुनती'

कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेत्री का नाम लंबे समय से बिजनेस मैन कबीर बहिया से जोड़ा जा रहा है। हाल ही में कृति ने एक पॉडकास्ट में प्यार, रिलेशनशिप को लेकर बातचीत की।

कुछ दिन पहले कृति सेनन को बिजनेस मैन कबीर बहिया के साथ क्रिसमस सेलिब्रेट करते हुए देखा गया। सेलिब्रेशन की ये तस्वीरें कृति ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी साझा कीं। हाल ही में एक कृति रणवीर इलाहाबादिया के पॉडकास्ट पर नजर आईं। इस पॉडकास्ट में उन्होंने करियर, पर्सनल लाइफ पर काफी सारी बातें कीं। साथ ही प्यार को लेकर भी काफी कुछ कहा।

कृति का प्यार को लेकर नजरिया

रणवीर इलाहाबादिया ने अपने पॉडकास्ट में कृति सेनन से पहले क्रश के बारे में सवाल किया? तो वह बोली- 'प्यार को लेकर मैं सिर्फ अपनी सुनती हूं, इस मामले में मैं किसी की नहीं सुनती हूं।' वह पॉडकास्ट में आगे अपने पहले स्कूल क्रश के बारे में भी बताती हैं।

जब पहली बार हुआ प्यार

कृति सेनन बताती हैं कि जब ग्यारहवीं क्लास में रही होंगी, तब उन्हें पहला क्रश हुआ था। वह लड़का काफी लंबा था, उस पर अकसर ही कृति की नजर चली जाती थी। दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे। वह लड़का कृति की मम्मी के फोन पर कॉल किया करता था। इस बात को मम्मी से छुपाना कृति के लिए काफी मुश्किल होता था। अपने पहले क्रश को याद करके, कृति सेनन पॉडकास्ट पर काफी मुस्कुरा भी रही थीं।

फिर जब टूट गया दिल

आगे चलकर कृति का पहले क्रश के साथ रिलेशनशिप टूट गया। पॉडकास्ट में कृति ने यह भी बताया कि ब्रेकअप होने पर वह रोई भी थी। बाद में उन्हें अहसास हुआ कि यह प्यार नहीं था, बस एक क्रश जैसा था।

# 'धूम' फिल्म के अली से कनेक्ट करती हैं अनन्या पांडे, प्यार को लेकर कही मन की बात

अनन्या पांडे ने हाल ही में अपनी लव लाइफ को लेकर बात की है। अभिनेत्री का कहना है कि प्यार में होने पर वह फिल्म 'धूम' के किरदार अली जैसा महसूस करती हैं।





अनन्या पांडे का नाम इन दिनों मॉडल वॉकर ब्लैंको से जोड़ा जा रहा है। दोनों को अनंत अंबानी की शादी में साथ देखा गया था। अनन्या ने अपने इस नए रिश्ते को खुलकर स्वीकार तो नहीं किया है लेकिन हाल ही में अभिनेत्री ने प्यार को लेकर अपना नजरिया बताया।

**प्यार में 'धूम' के अली जैसा करती हैं महसूस**

हाल ही में एक इंटरव्यू में अनन्या पांडे ने अपनी लव लाइफ पर बात की। एक्ट्रेस का कहना है कि जब वह प्यार में होती है तो सामने वाले से पूरी तरह से कनेक्ट हो जाती हैं। वह बिल्कुल 'धूम' फिल्म के अली जैसा बिहेव करती हैं।

**परिवार-शादी के बारे में सोचती हैं**

फिल्म 'धूम' में जब अली यानी उदय चोपड़ा के किरदार को प्यार होता है, तो चंद पलों में ही वह शादी और परिवार बनाने के बारे में सोचने लगता है। अनन्या भी ऐसा ही सोचती है, जब वह प्यार में होती हैं। यही कारण है कि वह फिल्म 'धूम' के किरदार अली से कनेक्ट कर पाती हैं।

**आदित्य राय कपूर से भी रहा अफेयर**

इन दिनों अनन्या पांडे का नाम जरूर मॉडल वॉकर ब्लैंको से जोड़ा जा रहा हो। लेकिन इस रिश्ते से पहले वह एक्टर आदित्य राय कपूर के साथ भी रिलेशनशिप में रह चुकी हैं। कुछ समय पहले ही दोनों की राहें जुदा हुई हैं।

**अनन्या की अपकमिंग फिल्म**

करियर फ्रंट की बात की जाए तो अनन्या पांडे अगले साल यानी 2025 में फिल्म 'शंकरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार और आर. माधवन जैसे उम्दा कलाकारों के साथ वह अभिनय करती हुई दिखेंगी। इस साल भी अनन्या पांडे ने काफी हटकर फिल्में की हैं, जिसमें 'कंट्रोल' नाम की फिल्म काफी चर्चा में रही। यह फिल्म सोशल मीडिया, एआई के नकारात्मक पक्ष को दिखाती है। इसके अलावा एक सीरीज 'कॉल मी बे' भी अनन्या ने की, जिसे यंग ऑडियंस ने काफी पसंद किया।

# भोजपुरी फिल्म में बंगाली अभिनेत्री दिया मुखर्जी करेंगी डेब्यू, साइन किया कॉन्ट्रैक्ट



नए साल में नया धमाल मचाने जा रही बंगाली बाला दिया मुखर्जी ने अब भोजपुरी इंडस्ट्री में कदम रख दिया है। वह बतौर अभिनेत्री धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अदाकारा दिया मुखर्जी ने वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी म्यूजिक कंपनी के साथ एक्सक्लूसिव कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिया है।


दिया मुखर्जी जल्द ही वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स की फिल्मों और एल्बम में नजर आने वाली हैं। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के एमडी रत्नाकर कुमार ने इस बात की जानकारी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने दिया मुखर्जी की फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने अभिनेत्री दिया मुखर्जी को एक्सक्लूसिव साइन किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के साथ एक्सक्लूसिव कॉन्ट्रैक्ट साइन करने पर अभिनेत्री दिया मुखर्जी ने कहा, मेरे लिए यह खुशी की बात है कि मैं वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से जुड़ गई हूं। इस म्यूजिक कंपनी से जुड़ने के बारे में मैं अक्सर सोचा करती थी और सौभाग्य से मुझे यह अवसर मिल ही गया। इस कंपनी से जो भी प्रोजेक्ट करने का मुझे मौका मिलेगा, उसमें मैं अपना शत प्रतिशत दूंगी और अपने फैंस और ऑडियंस की उम्मीद पर हमेशा खरी उतरूंगी। बता दें कि दिया मुखर्जी कोलकाता की रहने वाली हैं। वह सोशल मीडिया में काफी एक्टिव रहती हैं। वह पॉपुलर वीडियो क्रिएटर हैं और उनकी फैन फॉलोइंग लाखों में है। इंस्टाग्राम पर दिया के फॉलोअर्स की संख्या 4.3 मिलियन है। उनके बनाये रील्स को इंस्टाग्राम पर लाखों-लाखों व्यूज मिलते हैं। अब जल्द ही दिया मुखर्जी वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के कई बड़े प्रोजेक्ट में नजर आएगी।

# एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश को खूब मिल रहा है पैप्स का अटेंशन



मुम्बई (ए.)। मुंबई में साउथ की एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश को पैप्स का अटेंशन भी खूब मिल रहा है। कीर्ति का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कीर्ति पैप्स के लिए पोज कर रही हैं। वीडियो में सुनाई पड़ रहा है कि कुछ पैप्स उनका गलत नाम ले रहे हैं। वो उन पैप्स को ठीक करती नजर आ रही हैं। कीर्ति का जो वीडियो वायरल हो रहा है उस वीडियो में कीर्ति को पैप्स कृति कहकर बुला रहे हैं। कीर्ति उन पैप्स से कहती हैं कृति नहीं कीर्ति। इसके बाद, पैप्स उन्हें कीर्ति डोसा कहकर बुलाते हैं। इस बात पर कीर्ति थोड़ा नाराज नजर आती हैं। वो उनसे कहती हैं कीर्ति डोसा नहीं कीर्ति सुरेश, डोसा मुझे पसंद है। कीर्ति का जो वीडियो सामने आया है उस वीडियो में कीर्ति नीले रंग की डेनिम ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। बता दें, कुछ दिन पहले कीर्ति सुरेश की टीम और पैप्स के बीच बहस हो गई थी। कीर्ति अपनी गाड़ी में बैठ रही थीं। उस वक्त पैप्स दूसरी तरफ से उनकी तस्वीरें ले रहे थे। इसपर उनकी टीम ने आपत्ति जताई थी। बता दें, वरुण धवन की बेबी जॉन 25 दिसंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में वरुण धवन दमदार एक्शन करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर स्ट्रगल करती नजर आ रही है। रिलीज के तीन दिन बाद भी फिल्म 20 करोड़ का भी आंकड़ा भी नहीं छू पाई है। रिपोर्ट्स की मानें तो वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन का बजट लगभग 185 करोड़ रुपये है। मालूम हो कि वरुण धवन की बेबी जॉन हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म में साउथ की एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश भी नजर आई हैं। बेबी जॉन कीर्ति सुरेश का बॉलीवुड डेब्यू है। फिल्म के प्रमोशन के चलते कीर्ति इन दिनों मुंबई में हैं।

# लाल लहंगा पहन अमायरा दस्तूर ने दिलकश अदाओं से लूटी लाइमलाइट, एक्ट्रेस की हर अदाओं पर दिल हार गए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ही ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपनी मदमस्त अदाएं दिखाकर कहर बरपा रही हैं।

एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी खूबसूरती देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक पर अपना दिल हार जाते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। अमायरा दस्तूर ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान रेड कलर का बेहद ही स्टाइलिश सिंपल वर्क लुक में लहंगा पहना हुआ है।एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार और हॉट नजर आ रही हैं। अमायरा दस्तूर अपनी इन फोटोज में कैमरे के सामने देखते हुए एक से बढ़कर एक पोज देते हुए किलर लुक्स दे रही हैं।एक्ट्रेस की इन अदाओं को देखकर फैंस भी उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज पोस्ट करती हैं तो अक्सर इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं।अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# नींबू जैसा दिखने वाला नारंगी फल है कूमकूवाट, इससे बनाए जा सकते हैं ये स्वादिष्ट व्यंजन



कूमकूवाट एक छोटा और खट्टा-मीठा फल है, जो अपने अनोखे स्वाद के लिए जाना जाता है। यह विटामिन सी और फाइबर से भरपूर होता है और यह नींबू की तरह दिखता है।इसे विशेष रूप से चीनी व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है और भारतीय खान-पान में इसका उपयोग कम होता है।आज के लेख में कूमकूवाट से बनने वाले भारतीय व्यंजनों की रेसिपी जानिए, जिन्हें आप आसानी से घर पर बना सकते हैं।

## कूमकूवाट की चटनी

कूमकूवाट की चटनी बेहद स्वादिष्ट होती है, जिसमें तीखा और मीठा दोनों स्वाद होते हैं। इसे बनाने के लिए कूमकूवाट को छोटे टुकड़ों में काट लें।इसमें गुड़, नमक, लाल मिर्च पाउडर और थोड़ा-सा जीरा डालकर पकाएं। जब तक मिश्रण गाढ़ा न हो जाए, तब तक इसे धीमी आंच पर पकाते रहें।यह चटनी पराठे या रोटी के साथ खाने पर बहुत ही लाजवाब लगती है। इसके अलावा, आप इसे स्नैक्स के साथ भी परोस सकते हैं।

## कूमकूवाट का पुलाव

अगर आप साधारण पुलाव से ऊब चुके हैं तो कूमकूवाट पुलाव बनाएं। इसके लिए बासमती चावल को धोकर भिगो दें। अब घी में प्याज और अदरख-लहसुन का पेस्ट भूनें और उसमें कटे हुए कूमकूवाट डालें।इसमें भिगोए हुए चावल डालकर हल्दी, नमक और गरम मसाला मिलाएं। पानी डालकर ढक्कन बंद कर दें और धीमी आंच पर पकने दें, जब तक कि चावल पूरी तरह से पक न जाएं।इस पुलाव की खुशबू आपके खाने का मजा दोगुना कर देगी।

## कूमकूवाट का रायता

बूंदी का रायता तो आपने कई बार खाया होगा, लेकिन क्या आपने कभी कूमकूवाट का रायता चखा है? इसे बनाने के लिए ताजा दही लें और उसमें बारीकी से कटे हुए कूमकूवाट मिलाएं।अब इसमें थोड़ा-सा भुना जीरा पाउडर, नमक और हरी मिर्च डालें। इसे अच्छे से मिलाकर ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें।यह रायता किसी भी मुख्य भोजन के साथ परोसा जा सकता है और ऐसे भी खाया जा सकता है।

## कूमकूवाट की सब्जी

अगर आप रोजाना वही पुरानी सब्जियां खा-खा कर थक चुके हैं तो कूमकूवाट की मसालेदार सब्जी बनाकर खाएं।इसके लिए सबसे पहले तेल गर्म करें और उसमें प्याज, टमाटर और अदरख-लहसुन का पेस्ट डालकर भूनें, जब तक कि तेल अलग न हो जाएं।अब इसमें कटे हुए आलू और गाजर डालें। थोड़ी देर बाद इसमें कटे हुए कूमकूवाट, हल्दी, धनिया पाउडर, गरम मसाला, नमक और अन्य मसाले मिला दें।पानी डालकर ढक्कन बंद करके धीमी आंच पर पकने दें।

## कूमकूवाट का अचार

अचार भारतीय खान-पान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे कई तरह की सब्जियों से बनाया जाता है। अगर आप नए तरीके का अचार बनाना चाहते हैं तो कूमकूवाट का उपयोग करें।इसके लिए कूमकूवाट को धोकर सुखाएं और इन्हें छोटे टुकड़ों मे काट लें। अब सरसों का तेल गर्म करें और उसमें मेथी, सौंफ और कलौंजी का तड़का लगाएं।कटे हुए कूमकूवाट और मिर्ची पाउडर को मिला दे और धूप में सुखाएं।

# एक्सल बार डेडलिफ्ट्स से आपकी पकड़ हो सकती है मजबूत, जानें इसे करने का तरीका



एक्सल बार डेडलिफ्ट्स एक खास एक्सरसाइज है, जो आपकी पकड़ को मजबूत बना सकती है। इस एक्सरसाइज में मोटे बार का उपयोग होता है, जिससे उंगलियों और हाथों की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है।यह एक्सरसाइज न केवल हाथों की पकड़ को मजबूत बनाती है बल्कि शरीर के अन्य हिस्सों को भी ताकतवर बनाती है।आइए आज के इस लेख में एक्सल बार डेडलिफ्ट्स एक्सरसाइज से जुड़ी अहम बातें जानते हैं।

## इस तरह की जाती है यह एक्सरसाइज

एक्सल बार डेडलिफ्ट करने के लिए सबसे पहले सही वजन चुनें, जो आपके लिए उपयुक्त हो। अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई पर रखें और घुटनों को थोड़ा मोड़ें।अब अपने हाथों से एक्सल बार को पकड़ें और धीरे-धीरे खड़े होते हुए इसे ऊपर उठाएं। ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और सिर आगे की ओर झुका न हो।जब आप पूरी तरह खड़े हो जाएं, तो कुछ सेकंड रुककर फिर धीरे-धीरे वापस नीचे आएं।

## जानिए एक्सल बार डेडलिफ्ट करने के फायदे

एक्सल बार डेडलिफ्ट करने से कई फायदे होते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे आपकी ग्रिप स्ट्रेंथ यानी पकड़ने की ताकत बढ़ती है, जो रोजमर्रा के कामों में सहायक होती है।इसके अलावा, यह एक्सरसाइज आपके कंधे, पीठ और पैरों की मांसपेशियों को भी मजबूत बना सकती है।नियमित रूप से इस एक्सरसाइज का अभ्यास करने से आपका शरीर संतुलित रह सकता है और चोट लगने का खतरा कम हो सकता है।

## इस एक्सरसाइज के दौरान रखें इन बातों का ध्यान

इस एक्सरसाइज के दौरान कुछ सावधानियां बरतना जरूरी होता है, ताकि चोट लगने का खतरा न रहे। सबसे पहले, सही वजन चुनें, जो आपके शरीर के लिए उपयुक्त हो। बहुत ज्यादा या बहुत कम वजन उठाने से बचें।अपनी पीठ को सीधा रखें, ताकि रीढ़ पर अनावश्यक दबाव न पड़े और संतुलन बना रहे। अगर किसी भी प्रकार का दर्द महसूस हो, तो तुरंत रुक जाएं और डॉक्टर की सलाह लें।

## इसके साथ करें ये अन्य एक्सरसाइज

अगर आप एक्सरसाइज में बदलाव चाहते हैं तो सिंगल आर्म डेडलिफ्ट या स्नैच ग्रिप डेडलिफ्ट्स जैसी विविधताएं आजमाएं। ये एक्सरसाइज अलग-अलग मांसपेशियों पर काम करती हैं और नई चुनौती देती हैं।इसके अलावा, आप इन्हें स्क्वाट या बेंट ओवर रो जैसी अन्य एक्सरसाइज के साथ जोड़ सकते हैं, ताकि पूरे शरीर का विकास हो सके और कसरत में विविधता आ सके।इन बदलावों से आपकी पकड़ की ताकत भी बढ़ेगी और एक्सरसाइज का मजा भी दोगुना होगा।

# चहुँमुखी विकास के साथ उपलब्धियों भरा रहा एक वर्ष

## कलेक्टर प्रवीण सिंह के नेतृत्व में सीहोर जिले ने एक वर्ष में स्थापित किए विकास के नए आयाम

सीहोर(निप्र) । सीहोर जिले ने एक वर्ष में विकास के कई नए आयाम स्थापित किए हैं। यह एक वर्ष चहुमुखी विकास के साथ उपलब्धियों से भरा रहा। कलेक्टर प्रवीण सिंह की पहल पर जिले में कई नवाचार किए गए। जिसके अभूतपूर्व परिणाम मिले हैं। जिले में बड़ी संख्या में हितग्राही मूलक योजनओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। जिले ने स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, उद्योग, कृषि, सिंचाई, महिला एवं बाल विकास सहित अनेक क्षेत्रों में उपलब्धियों के नये आयाम स्थापित किए हैं।

### सीएम हेल्पलाइन में प्रदेश में प्रथम

कलेक्टर प्रवीण सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विगत 24 माह में जिला सीहोर सीएम हेल्पलाइन की मासिक परफॉर्मेंस ग्रेडिंग अंतर्गत अपने ग्रुप, में कुल 14 बार रैंक 01 के साथ प्रथम स्थान पर रहा एवं कुल 15 बार 80 फीसदी से अधिक वेटेज स्कोर प्राप्त कर ग्रेड में रहकर उत्कृष्ट ग्रेडिंग प्राप्त की। सीहोर जिले द्वारा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की मुख्य सचिव द्वारा सराहना की गई और इसे सुशासन का बेहतर उदाहरण बताया।

### पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान में प्रदेश में प्रथम

प्रदेश में सर्वाधिक 50 हज़ार पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान करने में सीहोर प्रथम स्थान पर है। एक लाख पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृत्रिम गर्भाधान से उन्नत नस्ल की बछिया पैदा



होने से एक तरफ जहां सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या से निजात मिलेगी वहीं पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी कलेक्टर प्रवीण सिंह की पहल पर जिले में राजस्व न्यायालय द्वारा पारित निर्णय और रेवेन्यू रिकॉर्ड के अपडेट के लिए आरटीआई ऑनलाइन ट्रैकिंग ऑनलाइन सॉफ्टवेयर विकसित कराया गया। जिससे पटवारी से लेकर रीडर, लोगों तक राजस्व प्रकरणों की ट्रैकिंग संभव हुई। इसका परिणाम यह हुआ कि राज्य न्यायालय के निर्णय के उपरांत तुरंत प्रकरण राजस्व अभिलेख में दर्ज होने लगे। और भू स्वामियों को बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाना पड़ता। इस नवाचार की भोपाल संभाग आयुक्त द्वारा सराहना करते हुए अन्य जिलों के लिए भी इसे अपनाने के लिए कहा गया। बुनियादी शिक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में नवाचार शुरू किया है। उन्होंने आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता को बढ़ावा देने के लिए बच्चों की वर्चुअल क्लास लेना प्रारंभ किया है। इस नवाचार के तहत कलेक्टर श्री सिंह जिले के सरकारी स्कूलों के कक्षा पहली, दूसरी तथा तीसरी के बच्चों की प्रति गुरूवार को वर्चुअल क्लास ले रहे हैं। इस वर्चुअल क्लास के माध्यम से कलेक्टर श्री सिंह रेण्डमली किसी भी स्कूल के कक्षा पहली, दूसरी तथा तसरी के बच्चों को हिन्दी, अंग्रेजी विषयों के किसी भाग को पढ़ना, लिखना तथा गणित में जोड़-घटाव के बारे में पढ़ाएगें एवं ब्लेकबार्ड पर बच्चों से सवाल करवा रहे हैं। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के माता पिता बहुत उम्मीद के साथ अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराते हैं। इसलिए यह हमारी जिम्मेदारी हो जाती है कि उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप हम बच्चों को शिक्षित करें। उन्होंने आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता को बढ़ावा देने के लिए आज बच्चों की वर्चुअल क्लास ली है। उन्होंने बताया कि एफएलएन कार्यक्रम के तहत बच्चों को पढ़ने और समझने, लिखने, और सरल अंकगणित करने के कौशल सिखाए जाते हैं। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है और उन्हें पढ़ाने के नए-नए तरीके सिखाए जाते हैं। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों को पढ़ाई बोझिल न लगे, इसके लिए कई तरह के प्रयास किए जाते हैं।

## सातवां वर्ष सारु मारु बौद्ध स्तूप महोत्सव "मेला" 29 दिसम्वर रविवार को संपंन्न हुआ




नकटी तलाई (संजय कलमोर)। बुद्ध धम्म संघ की पावन धरती नकटी तलाई, रेहटी जिला सीहोर म प्र के पास प्राचीन बौद्ध स्तूप, शिलालेख, शैलचित्र, बौद्ध गुफाओं के प्राचीन इतिहास को जानने, पर्यटन को बढ़ावा देने, देश में शांति, सद्भावना बनाए रखने तथा समस्त मानव समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने के उद्देश्य से एक दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया! सर्व प्रथम समता सैनिक दल प्रदेश कमांडर एड.हरीश लोणारे एवं डॉ धरमसिंह मेहरा के नेतृत्व में सेंकड़ों की संख्या में महिला पुरुषों सैनिकों के द्वारा तथा भिक्खु संघ और बाहर से आए हजारों की संख्या में सभी उपासकों दर्शानार्थी के द्वारा पथ संचालन कर महा स्तूप पर पूजा अर्चना व बुद्ध वंदना की गई। समारोह में मंच पर तथागत गौतम बुद्ध संविधान निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें भिक्खु संघ के द्वारा बुद्ध वंदना की गई एवं गायक कलाकारों के द्वारा बुद्ध गीत की प्रस्तुत किए गए। जिसमें शशिभूषण राष्ट्रीय सिंगर एवं नरसिंहपुर गायक मंडल के द्वारा नशा मुक्ति , शिक्षा तथा महापुरुषों का यशोगान किया गया!

## क्या ग़रीब नगरिको के लिए नहीं है सीहोर उत्सव मेला

सीहोर (निप्र)। किसी भी नगर में लगने मेला मध्यम वर्ग एवं गरीब के नागरिको के लिए के लिये एक उत्सव की तरह है जिसमें वे अपने परिवार को लेकर मनोरंजन करा देते हैं और जितने पैसे हो जेब में हिसाब से बच्चों को घुमा फिरा देते हैं। मेला सम्पन्न वर्ग के लोगो के लिए नहीं है वो तो मॉल गेम जोन आदि में जाकर मनोरंजन कर सकते हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा है की बड़े हर्ष का विषय है हमारे नगर सीहोर में भी सीहोर उत्सव मेले के नाम से बीएसआई मैदान में मेला लगा है जिसका शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने बड़े धुमधाम से किया था। भोपाल में भी भोपाल उत्सव मेला और भोजपाल उत्सव मेला लगा है जिसमें किसी भी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं है। लेकिन दु:ख का विषय है यदि सीहोर उत्सव मेले में यदि किसी भी परिवार को प्रवेश लेना है तो पचास रुपये प्रति व्यक्ति देने होंगे जो ठीक नहीं है कोई मजदूर व्यक्ति यदि अपने परिवार को मेला घुमाने ले जाता है तो 200 300 रुपये उसके अन्दर जाने पर ही खर्च हो जायेंगे। मेला प्रबन्धन से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने जनहित में अपील की है कि मेले में नागरिकों को बिना किसी शुल्क के प्रवेश दिया जाए फिर भले ही हर झूले, मछली घर या खाने पीने की दुकान पर दिन शुल्क लिया जाए यही मेलो की परंपरा रही है इसका पालन किया जाना चाहिए।

## श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन-कलश यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

### सालों बाद दिखाई दिया शहर की सड़क पर आस्था का कुंभ



सीहोर (निप्र)। जीवन में मित्रता करो तो ऐसी करो जो मिसाल बन जाए। मित्रता का सबसे अच्छा उदाहरण है भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता, जिसके उदाहरण आज भी दिए जाते हैं। दोनों भले ही न मिलते हो, न बात करते हो, लेकिन दोनों के बीच प्रेम और सामंजस्य बना हुआ था। उक्त विचार गोदन सरकार सेवा समिति हनुमान मंदिर सीहोर के तत्वाधान में शहर के सिंधी कालोनी मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा का वाचन करते हुए संत गोविन्द जाने ने कही। उन्होंने कहा कि मित्रता सोच-समझकर करना चाहिए। क्योंकि संगत और साथ मानव जीवन को बहुत प्रभावित करते हैं। ये चाहे तो उसे महान बना सकते हैं। संत गोविन्द जाने ने सोमवार को कहा कि सबसे बड़ा तीर्थ कथा का स्थल होता है, गंगा स्नान से अधिक पुण्य मिलता है कथा का श्रवण करने से। उन्होंने जब भी मौका मिले कथा का श्रवण करें और अच्छी बात ग्रहण करें। सोमवार को कई सालों बाद भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।उन्होंने कहा कि अपने गुरु, परमात्मा पर भरोसा होना चाहिए, इस कथा में कैंसर जैसी बीमारी से मुक्त होकर बैठे दादा इसका उदाहरण है, जिनको बाबा के नाम लेने का लाभ मिला है और आज कैंसर जैसी बीमारी से मुक्त होकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे है।

## धांधली का आरोप-ग्राम उलझावन हाई स्कूल भवन निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग

सीहोर (निप्र) । ग्राम उलझावन में चल रहे नवनिर्मित भवन के निर्माण में भारी अनियमितताएं बरती जा रही है। स्कूल में चल रहे भवन निर्माण मे घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। भवन निर्माण में उपयोग सामग्री घटिया स्तर की है, इससे भविष्य में बच्चों के लिए घातक साबित हो सकता है। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि मुकेश वर्मा और सरपंच प्रतिनिधि पिंटू वर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार ने करीब एक करोड़ 21 लाख से बनकर तैयार हाई स्कूल के बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां पर आने वाले बच्चों के लिए पेयजल व्यवस्था के अलावा अन्य कोई सुविधा नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस भवन के मुख्य दरबाजे, क्लास रूम, बाथरूम आदि घटिया स्तर की सामग्री का उपयोग किया है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में घटिया किस्म की सामग्री इस्तेमाल होने से बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। इसकी शिकायत की गई है ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार से बार-बार आग्रह करने पर भी सामग्री में सुधार नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि कार्य के दौरान गुणवत्ता में सुधार किया जाए। उक्त विधानसभा क्षेत्र प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के ग्राम उलझावन में आता है।



## किसान ऋणी/अऋणी कृषक फसल बीमा 31 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से कराये

सीहोर (निप्र)। शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी 2024-25 के लिए अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसलों का फसल बीमा के लिए बैंको द्वारा ऋणी/अऋणी कृषक अंश प्रीमियम राशि लिये जाने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 नियत की गई हैं। कृषक भाई रबी 2024-25 की अधिसूचित फसल गेहूँ सिंचित, चना एंव मसूर का बीमा कराकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठा सकते है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि स्केल ऑफ फायनेंस के अनुसार रबी की अधिसूचित फसलों के बीमा के लिए बीमित राशि का 1/2 (देड) प्रतिशत / हेक्टर के मान से प्रीमियम देय होगी। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित बैंको के माध्यम से किया जावेगा।

## सोमवती अमावस्या पर वृद्धाश्रम में प्रसादी का वितरण

सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में सोमवती अमावस्या पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रसादी का वितरण किया गया। आश्रम में सोमवार को विठ्लेश सेवा समिति की ओर से व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने यहां पर निवासरत वृद्धजनों से भेंट कर गर्म वस्त्र प्रदान किए। इस दौरान आश्रम के संचालक राहुल सिंह आदि शामिल थे। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा, आश्रम की ओर से अमित जैन, आकाश राय, विकास अग्रवाल कमलेश अग्रवाल आदि शामिल थे। श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में प्रतिदिन यहां पर सत्संग और भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर समिति की ओर से शाम को भजन संध्या के उपरांत प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर भजन गायक पंडित सुनील पाराशर आदि ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। पंडित श्री पाराशर ने कहा कि सोमवार को अमावस्या होने के कारण पवित्र नदी, तालाब या सरोवर में स्नान कर सकते हैं. स्नान के बाद, भगवान शिव की पूजा करें और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की कोशिश करें। इसके अलावा, इस दिन 108 बार तुलसी की परिक्रमा करने से भी जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। यह एक सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय है, जो बुरे समय को समाप्त कर सकता है और जीवन को समृद्ध बना सकता है। इसके अलावा, इस दिन अपने पितरों को याद करना और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना भी अत्यंत लाभकारी है।



## कांग्रेस अनुसुचित जाति प्रदेश अध्यक्ष के नगर आगमन पर किया गया स्वागत

सीहोर (निप्र) । कांग्रेस अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार का आज सीहोर नगर आगमन हुआ। जिनका सैकड़ाखेड़ी चौराहे पर प्रवेश परिहार मित्र मण्डली के द्वारा पुष्पहारों व आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया तथा अनुसूचित जाति वर्ग की समस्याओं से अवगत् कराया गया। जिस पर श्री अहिरवार ने कहा कि अनुसूचित जाति पर किसी भी प्रकार का अत्याचार सहन नही किया जावेगा। इनकी सभी समस्याओं के लिये लड़ाई लड़ी जावेगी। श्री अरिवार का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से प्रवेश परिहार, नमन कचेनेरिया, रितिक कचनेरिया, दीपक गवाटिया कक्कु, मयूर मसोरिया, विकास सेन, राहुल गोस्वामी, रोहन, अभिषेक, लखन जाटव, मोंटी मंगरोलिया, रोहित जाटव, रितिक रिछारिया सहित अनेक युवा उपस्थित रहे तथा सभी उपस्थितजनों ने समाजि हित में अपनी सेवा देते चले आ रहे ।

## सड़क दुर्घटना में घायल एवं मृत्यु होने पर आर्थिक सहायत उपलब्ध कराने कलेक्टर ने दिये निर्देश

सीहोर (निप्र) । सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल या मृत हो जाते है, घायल व्यक्ति का समय पर उपचार नहीं हो पाता है, तथा मृतक के आश्रितों को भी आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में समय-सीमा में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाना नितांत आवश्यक है। इस संबंध में आर्थिक के लिए जन सुनवाई में आवेदक लेकर उपस्थित होते है। यह स्थिति चिन्ता जनक है क्योकि सड़क दुर्घटना में घायल/मृतक के आश्रितों को शासन द्वारा स्वयं कार्यवाही कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाना चाहिए। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रवीण सिंह ने गत दिवस समस्त एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार और थाना प्रभारियों को निर्देश दिये है कि सड़क दुर्घटना में घायल या मृत व्यक्ति का शीध्र उपचार कराये और उनके आश्रितों को सहायता राशि उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो प्रकार से सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है

सड़क दुर्घटना में घायल या मृत व्यक्ति का समय पर उपचार नहीं हो पाता है, तथा मृतक के आश्रितों को भी आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में समय-सीमा में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाना नितांत आवश्यक है। दुर्घटना अज्ञात अथवा ज्ञात होने पर सहायता राशि स्वीकृत की जाती है। मृत्युकी स्थिति में 15 हजार और गंभीर घायल होने की स्थिति में सात हजार पांच सौ रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। सहायता राशि का प्रकरण तहसीलदार द्वारा तैयार कर एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर द्वारा स्वीकृत किया जाता है।प्रकरण में एफआईआर, पीएम, रिपोर्ट, पटवारी रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र/डा.का घायल की स्थिति का प्रमाण पत्र एवं जनपद पंचायत का संबल योजना की जानकारी का प्रमाणपत्र, थाना प्रभारी दुर्घटना की प्रथम एफआईआर एवं अन्य दस्तावेज तहसीलदार को उपलब्ध कराऐंगे।

### राहत राशि स्वीकृत -

हिट एण्ड रन मोटर यान दुर्घटना पीडित प्रतिकर योजना 2022 के अनुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। प्रकरण में आरोपी अज्ञात होता है। योजनान्तर्गत पीडित के घायल होने की स्थिति में 50 हजार रूपये तथा मृत्यु की स्थिति में 2 लाख रूपये की सहायता प्रदान की जाती है।

### प्रकरण इन दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत किया जाना है

आर्थिक सहायता हेतु आवेदन/दावा कर्ता के बैंक खाते की पास बुक की छायाप्रति,घायल अथवा मृतक के आस्पताल के ईलाज के बिल,घायल अथवा मृतक के पहचान पत्र एवं पते के प्रमाण के लिये आवश्यक दस्तावेज,दावेदार की पहचान के लिए पहचान पत्र एवं पते के प्रमाण के लिये आवश्यक दस्तावेज,पुलिस एफ.आई.आर./एफ.आर. (खात्मा रिपोर्ट), मृत्यु के मामले में पीएम रिपोर्ट एवं मुत्यु प्रमाण पत्र, गंभीर चोट के मामले में एमएलसी रिपोर्ट, प्रस्तुत किया जाना है।

## भैरुंदा के गोकुलधाम के पास अनोखी पहल

### कबाड़ के सामान से खूबसूरत बनाई तुलसी बगिया




भैरूंदा (संजय कलमोर)। नगर के गोकुलधाम होटल के पास स्वच्छता और सौंदर्य के संगम की अनूठी मिसाल पेश की जा रही है। स्थानीय समाजसेवी आनंद अग्रवाल ने अपनी मेहनत और दूरदृष्टि से यहां एक ऐसा क्षेत्र विकसित किया है, जो न केवल मॉर्निंग वॉक के लिए आकर्षक है, बल्कि समाज को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है।आनंद अग्रवाल ने पिछले वर्ष यह संकल्प लिया था कि इस स्थान को सुंदर और स्वच्छ बनाएंगे। उन्होंने कबाड़ और अनुपयोगी सामग्री का रचनात्मक उपयोग करते हुए यहां मनमोहक दृश्य तैयार किए हैं। लाइटों और सजावट की अद्भुत व्यवस्था से यह स्थान रात में भी देखने लायक बन गया है।

### तुलसी बगिया बनी मुख्य आकर्षण

गोकुलधाम के इस क्षेत्र में एक खूबसूरत तुलसी बगिया भी तैयार की गई है, जिसमें सैकड़ों प्रकार के पौधे लगाए गए हैं। इन पौधों में औषधीय और पर्यावरणीय महत्व वाले कई पौधे शामिल हैं। स्थानीय लोग इस बगिया को न केवल मॉर्निंग वॉक के लिए, बल्कि आध्यात्मिक शांति के लिए भी उपयुक्त मान रहे हैं।

### लोगों में जाएगा स्वच्छता का संदेश

कबाड़ से सुंदरता का यह प्रयोग स्वच्छता का एक सशक्त संदेश देता है।अग्रवाल ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि समाज में लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक हों और कचरे का सही तरीके से निपटान करें। उनका मानना है कि कचरे को सही रूप में उपयोग कर खूबसूरत चीजें बनाई जा सकती हैं।

### स्थानीय लोगों के सहयोग और प्रतिक्रिया

स्थानीय नागरिकों ने इस प्रयास की जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि आनंद अग्रवाल की यह पहल पूरे नगर के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस क्षेत्र में आने वाले लोग न केवल प्रकृति की खूबसूरती का आनंद लेते हैं, बल्कि यह स्थान बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक है। आनंद अग्रवाल की यह पहल बताती है कि यदि इच्छा शक्ति हो तो सीमित संसाधनों से भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। उनकी यह मेहनत स्वच्छ और हरित समाज की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## शासकीय महाविद्यालय इछावर में 02 जनवरी 2025 को लायसेंस शिविर का आयोजन

सीहोर(निप्र)। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अन्तर्गत जिले के समस्त महाविद्यालयों में 16 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिला परिवहन अधिकारी में बताया कि शासकीय महाविद्यालय, इछावर में 02 जनवरी,2025 को,शासकीय महाविद्यालय, लाडकुई में 03 जनवरी को,चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय, सीहोर में 08 जनवरी को,शासकीय महाविद्यालय, बुधनी में 9 जनवरी को,शासकीय महाविद्यालय, भैरूंदा में 10 जनवरी को औरशासकीय महाविद्यालय, बकतरा एवं डोबी में 16 जनवरी,2025 को लायसेंस शिविर का आयोजित यिा जायेगा। लर्निंग लायसेंस के लिए ऑनलाईन 20 प्रश्नों में से 12 प्रश्नों के उत्तरदेना अनिवार्य है औरआवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाईल (ओटीपी के लिए)लायसेंस शुल्कमहिला के लिए नि:शुल्क है औरपुरूष के लिए दो पहिया वाहन के लिए 225 रूपये,चार पहिया वाहन 225 रूपये दो पहिया एवं चार पहिया वाहन के लिए 425 रूपये देय होगा।

## दरगाह पर विशाल भण्डारे की व्यवस्थाओं को लेकर दीपक सोनकर ने नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



सीहोर (निप्र)। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बुधवार, 1 जनवरी 2025 को स्थानीय डॉ. अम्बेडकर धर्मशाला के सामने माँ कैलादेवी व पीर बाबा की दरगाह पर विशाल भण्डारे का आयोजन रखा गया है। जिसकी तैयारी को लेकर भण्डारा समिति के अध्यक्ष दीपक सोनकर, नरेन्द्र खंगराले, प्रकाश प्रजापति ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को पानी का टेंकर, कार्यक्रम स्थल पर जे.सी.बी. मशीन से साफ-सफाई व सडक़ के दोनों ओर चुना पट्टी कराये जाने व विद्युत व्यवस्था हेतु ज्ञापन सौंपा। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com